▪ भाद्रपद शुक्ल - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 55 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 16-09-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है उप्र : आदित्यनाथ

6 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान' का उल्टा असर बिहार में!

7 नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद

## फर्स्ट टेक

### विश्वकर्मा योजना की कल शुरुआत करेंगे मोदी

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा इस वर्ष 15 अगस्त को मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने राष्ट्र संबोधन के दौरान की थी। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार की होगी और इसके लिए 13 हजार करोड़ रुपए निर्धारित किये गये हैं। यह योजना पूरे देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा। इनमें बढ़ई, नाव निर्माता, हाथ से शस्त्र बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, मोची जूता, जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी –चटाई– झाड़ निर्माता–कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी,दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माता शामिल हैं।

### हिंदी को बढ़ावा देने के लिए कैग को मिला राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

**नई दिल्ली/भाषा।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) कार्यालय को राजभाषा नीति के सर्वश्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया है। कैग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को हिंदी दिवस के मौके पर महाराष्ट्र के पुणे में कैग कार्यालय के महानिदेशक भवानी शंकर को पुरस्कार प्रदान किया। बयान के अनुसार, ''यह पुरस्कार वर्ष 2022–23 के लिए 300 से अधिक कर्मियों वाले मंत्रालय/विभाग श्रेणी में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए प्रदान किया गया है।''

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच प्रमुख व्यापार सीमा नौ दिन बाद खुली

**पेशावर (पाकिस्तान)/एपी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक प्रमुख सीमा नौ दिन बाद शुक्रवार को फिर से खो दी गई, जिसे दोनों देशों के सीमा बलों के बीच झड़पों के कारण बंद कर दिया गया था। दोनों देशों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने दोनों देशों के सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी के बाद छह सितंबर को पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ तोरखम सीमा बंद कर दी थी। पाकिस्तान ने तालिबान अधिकारियों पर आसपास के क्षेत्र में गैरकानूनी संरचनाओं का निर्माण करने का आरोप लगाया है।

| 16-09-2023 | 17-09-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:20 बजे | सूर्योदय 6:08 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 67,838.63 | 20,192.35 |
| (+319.63) | (+89.25) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,161 रु. | 73,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### लीक लिखी

सबकुछ तो है खुला देश में,
नकल, परीक्षा, भ्रष्टाचार।
टाइट केवल आज दिख रहा,
खुली सोच या फिर बाजार।
धर्म सियासत सभी लीक पर,
लीक सनातन सा व्यवहार।
लीक छोड़ अब तीनों चलते,
नेता, बाबा या बेकार।।

**प्रशिक्षण**



शुक्रवार को मैसूर में चल रही दशहरा महोत्सव की तैयारी के साथ, मुख्य हाथी अर्जुन को उसकी पीठ पर बोरियों का वजन रख कर प्रशिक्षण करवाया गया।

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय करने को प्रतिबद्ध : गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रस्तावित 'भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप आर्थिक गलियारा' परियोजना के संदर्भ में शुक्रवार को कहा कि जी20 की इस पहल पर सहमति में भारत की भूमिका अग्रणी रही और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है। वह यहां नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित स्वच्छ ऊर्जा पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी' के उलक्ष्य में एक परिचर्चा में मुख्य वक्ता थे। इसका विषय था– 'वैश्विक आपूर्ति–शृंखला की दृढ़ता प्राप्त करने में भारत को भागीदार के रूप में स्थापित किया जाना । उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में हाल में सम्पन्न जी20 शिखर सम्मेलन में भारत– पश्चिम एशिया–यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना, हरित हाइड्रोजन और सम्पर्क परियोजनाओं के क्षेत्र में समूह के देशों के बीच सहमति इन क्षेत्रों में दुनिया को साथ लाने के लिए कार्य करने की भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

उन्होंने जी20 के नेताओं के नई दिल्ली घोषणा पत्र दुनिया को स्वच्छ, टिकाऊ और समावेशी ऊर्जा की ओर ले जाने के विषय में उल्लिखित संकल्प को लागू करने पर जोर दिया।

## 45,000 करोड़ रुपए के सैन्य साजोसामान की खरीद को मंजूरी

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को लगभग 45,000 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न हथियार प्रणालियों और अन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी, जिनमें हवा से सतह पर मार करने वाले कम दूरी के प्रक्षेपास्त्र ध्रुवास्त्र एवं 12 एसयू–30 एमकेआई लड़ाकू विमान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने कुल नौ खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

**12 एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान शामिल**

रक्षा मंत्रालय ने कहा, ये सभी खरीद भारतीय विक्रेताओं से की जाएगी, जिनसे 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय रक्षा उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा।'' मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा, गतिशीलता, हमले की क्षमता और मशीनीकृत बलों की उत्तरजीविता बढ़ाने के लिए, डीएसी ने हल्के बख्तरबंद बहुउद्देशीय वाहन (एलएएमवी) और एकीकृत निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणाली (आईएसएटी–एस) की खरीद को मंजूरी दे दी है। डीएसी ने तोप और राडार को तेजी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने और उनकी तैनाती के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) की खरीद को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि डोर्नियर विमान के वैमानिकी उन्नयन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय वायु सेना के एक प्रस्ताव को भी आवश्यकतानुसार स्वीकृति (एओएन) दी गई थी।


## महादेव सट्टेबाजी : ईडी ने 417 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 417 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त और 'फ्रीज' कर ली है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि दुबई से संचालित यह कंपनी नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ने, उपयोगकर्ताओं के आईडी (पहचान पत्र) बनाने तथा कई बेनामी बैंक खातों के जरिए धन शोधन करने के लिए ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्लिकेशन का उपयोग करती थी। कंपनी के प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल हैं। एजेंसी ने एक बयान में आरोप लगाया, ''ईडी ने हाल में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में 'महादेव ऐप' से जुड़े धन शोधन नेटवर्क के खिलाफ व्यापक स्तर पर छापेमारी की थी। उसने इस दौरान कई सबूत एकत्र किए और अपराध से अर्जित 417 करोड़ रुपये की राशि जब्त/फ्रीज की गई है।''

**चंद्रयान-1 के डेटा से मिली बड़ी जानकारी**

## चंद्रमा पर जल बना रहे हैं पृथ्वी के इलेक्ट्रॉन

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान–1' से मिले रिमोट सेंसिंग डेटा का विश्लेषण कर रहे वैज्ञानिकों ने पाया है कि पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन संभवत: चंद्रमा पर जल बना रहे हैं। अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली एक टीम ने पाया है कि पृथ्वी के प्लाज्मा आवरण में मौजूद ये इलेक्ट्रॉन चंद्रमा की सतह पर मौसमी प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं, जिनमें चट्टान और खनिजों का टूटना या विघटित होना शामिल है।



'नेचर एस्ट्रोनॉमी' पत्रिका में प्रकाशित शोध में पाया गया है कि इलेक्ट्रॉन संभवत: चंद्रमा पर जल के निर्माण में सहायता कर सकते हैं।

शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्रमा पर जल की सांद्रता को जानना इसके बनने और विकास को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह भविष्य में मानव अन्वेषण के लिए जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिहाज से भी अहम है। चंद्रयान–1 ने चंद्रमा पर जल के कणों की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2008 में शुरू किया गया यह मिशन भारत का पहला चंद्रमा मिशन था।

## तमिलनाडु में अवैध रेत खनन मामले में ईडी ने की छापेमारी की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में अवैध रेत खनन मामले में रेत खनन के कार्य में लगे कुछ व्यवसायियों के 34 ठिकानों पर छापे डाले हैं । इस

**34 ठिकानों पर छापे**

कार्रवाई के दौरान दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, एक किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया गया तथा 12 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गयी है । ईडी ने एक बयान में शुक्रवार को बताया कि उसकी टीमों ने तमिलनाडु के छह जिलों में 34 जगह तलाशी की कार्रवाई की है जिनमें कुछ व्यवसायियों, राज्य के जल संसाधन विभाग के कुछ अधिकारियों के ठिकानों के साथ रेत रखने के आठ यार्ड भी हैं। यह कार्रवाई 12 सितंबर को की गयी।

## सनातन का अनादर करना सोनिया और राहुल का एजेंडा : जेपी नड्डा

**जिन लोगों ने गौ माता को नहीं छोड़ा, क्या वे आम लोगों को छोड़ेंगे**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जशपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि इसके प्रमुख घटक तथा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी का एजेंडा सनातन धर्म का अनादर करना है।

विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के दूसरे चरण को हरी झंडी दिखाने के लिए छत्तीसगढ़ के जशपुर में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा और उनसे सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिये कहा। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर घोटालों में शामिल रहने का आरोप लगाया और कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार (गोबर खरीद योजना में कथित घोटाले का जिक्र करते हुए) में गौ माता (गायों) को नहीं छोड़ा, क्या वे आम लोगों को छोड़ेंगे । नड्डा ने कहा, 'इंडिया अलायंस, घमंडिया गठबंधन ने एक सितंबर को मुंबई में एक बैठक की। तीन सितंबर को गठबंधन के मजबूत घटक एवं द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को गंभीर बीमारियों से जोड़कर इसका अपमान किया। उन्होंने हर तरह से सनातन धर्म का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।'

## नूंह हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक मामन खान गिरफ्तार

**गुरुग्राम/चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस विधायक मामन खान को 31 जुलाई के नूंह हिंसा मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

वहीं, प्रशासन ने जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है और दो दिन के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दी है।


**मोबाइल इंटरनेट निलंबित, धारा 144 लागू**



सांप्रदायिक झड़पों के बाद दर्ज की गई प्राथमिकी में फिरोजपुर झिरका से विधायक खान आरोपी थे। उन्हें बृहस्पतिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी में धार्मिक आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्व को बढ़ावा देने सहित अन्य आरोप शामिल हैं। नूंह जिले में मुख्य रूप से तीन से चार जगहों पर हिंसा हुई थी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) नरेंद्र बिजारणिया ने शुक्रवार को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के साथ नूंह में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मामन खान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने कहा कि बड़कली चौक नगीना के आसपास हुई हिंसा की घटनाओं की जांच के दौरान कुछ आरोपियों से पूछताछ की गई और ''विधायक का नाम सामने आया।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश की प्रगति में योगदान के लिए अभियंताओं की सराहना की



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) पर अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका नवोन्वेषी मस्तिष्क और अथक समर्पण देश की प्रगति की रीढ़ है। अभियंता दिवस तत्कालीन मैसूर साम्राज्य के दीवान एम विश्वेश्वरैया की जयंती के मौके पर मनाया जाता है, जिन्हें इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्यों के लिए जाना जाता है। विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1861 में हुआ था, उन्हें 1955 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया था।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इंजीनियर दिवस पर सभी मेहनती इंजीनियरों को बधाई! उनका नवोन्मेषी मस्तिष्क और अथक समर्पण हमारे देश की प्रगति की रीढ़ रहा है। अवसंरचनात्मक चमत्कारों से लेकर तकनीकी सफलताओं तक, उनका योगदान हमारे जीवन के हर पहलू को छूता है।



## अनंतनाग में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तीसरे दिन भी जारी, सेना ने किया ड्रोन का इस्तेमाल

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहाड़ी इलाके के जंगलों में छुपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चल रहे अभियान में ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चल रहा यह अभियान तीसरे दिन भी जारी है। बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन सैन्य अधिकारी और एक जवान शहीद हो गया था।

अधिकारियों ने कहा,' ड्रोन से की जा रही निगरानी के आधार पर सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के छुपने की जगह पर मोर्टार के गोले दागे हैं।' उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह से घेर रखा है।

दक्षिण कश्मीर जिले के कोकेरनाग इलाके के गडोले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बुधवार सुबह सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स इकाई के कमांडिंग अधिकारी कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट्ट के साथ ही एक सैनिक भी शहीद हो गया था।

## केरल मंत्रिमंडल में फेरबदल : एलडीएफ समन्वयक ने कहा कि मोर्चा जताई गई प्रतिबद्धताओं का सम्मान करेगा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल मंत्रिमंडल में फेरबदल के कयासों के बीच सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के समन्वयक ई. पी. जयराजन ने शुक्रवार को कहा कि मोर्चा में शामिल सभी घटकों के प्रति जताई गई सभी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया जाएगा। एलडीएफ मई 2021 में जब दूसरी बार सत्ता में आया तो मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत गठबंधन में एक विधायक वाले चार दलों को 'क्रमिक' आधार पर मंत्री पद आवंटित करने पर सहमति बनी थी। मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल के बारे में पूछे जाने पर जयराजन ने कहा कि मोर्चे में अब तक इस विषय पर चर्चा नहीं की गई है और उन्होंने इस तरह की खबर 'गढ़ने' के लिए मीडिया की आलोचना की।

केरल मंत्रिमंडल में नवंबर में संभावित फेरबदल की खबरों पर उन्होंने कहा, '' हमने अब तक इस बारे में विचार नहीं किया है। '' ऐसी खबर थी कि एलडीएफ सरकार के दूसरे कार्यकाल के नवंबर में ढाई साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन नीत मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। हालांकि, जयराजन ने संकेत दिया कि मंत्रिमंडल में फेरदबल एलडीएफ घटकों के बीच हुए समझौते के आधार पर होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''चार पार्टियों को लेकर ढाई साल की समझ बनी है। अब भी सरकार का कार्यकाल पूरा होने में ढाई साल का समय है।'' जयराजन ने कहा कि अगर पार्टी में एक ही सदस्य (विधायक) है तो उस पार्टी को भी मंत्री पद देने पर सहमति बनी है।

# सिंधिया ने सनातन धर्म विरोधी बयानों पर विपक्षी दलों के गठबंधन ''इंडिया'' पर साधा निशाना



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डीएमके नेताओं द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए विवादास्पद बयानों को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें शामिल बाकी दल इस तरह खामोश हैं जैसे उनके मुंह पर किसी ने टेप चिपका दिया हो।

सिंधिया ने इंदौर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की भूमिका उत्तर से दक्षिण भारत तक देखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा,उत्तर भारत में एक ऐसा दल इस गठबंधन का भाग है जो सोचता है कि कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का कदम गलत है। इस गठबंधन में दक्षिण भारत का एक ऐसा दल शामिल है जिसने सनातन धर्म को नष्ट करने की घोषणा कर दी है। सिंधिया ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) नेताओं की विवादास्पद बयानबाजी की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए कहा कि सनातन धर्म विरोधी बातों पर इंडिया गठबंधन के बाकी दल ऐसे चुप हैं जैसे उनके मुंह पर किसी ने टेप चिपका दिया हो।

उन्होंने कहा,''राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपनी अंतिम सांस तक जिस सनातन धर्म का निर्वाह करते रहे, उस सनातन धर्म को नष्ट करने की बात की जा रही है। जो गठबंधन भारत की नींव रूपी सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करेगा, उसे देश की 140 करोड़ जनता नष्ट कर देगी।'' सिंधिया ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने के दौरान तुष्टिकरण की नीतियों वाली वाली सरकार चलाई और आज बिहार में भी ऐसी ही नीतियों वाली सरकार चलाई जा रही है।

## तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित

**विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा दायर दो जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। नायडू ने जमानत के लिए अंतरिम जमानत याचिका के साथ-साथ नियमित जमानत याचिका भी दायर की है। नायडू को कौशल विकास निगम के कोष के कथित दुरुपयोग के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोप है कि कौशल विकास निगम में कथित घोटाले से राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सीआईडी का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष लोक अभियोजक वाईएन विवेकानंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''अदालत ने मामले की विस्तार से सुनवाई की और इस मामले को मंगलवार यानी 19 सितंबर को पेश करने का निर्देश दिया ताकि हम (सीआईडी वकील) जवाबी हलफनामा दाखिल कर सकें।'' उन्होंने कहा कि सीआईडी के वकीलों की टीम ने विचार किए जाने के आधार पर दोनों जमानत याचिकाओं का विरोध किया है और मामले के गुण-दोष के आधार पर दलीलें पेश की हैं।

## भारतीय इंजीनियरों की भागीदारी सीमित करने वाले अंतरराष्ट्रीय तौर-तरीकों का अध्ययन करें : गोयल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी) से वैश्विक परियोजनाओं में भारतीय इंजीनियरिंग कंपनियों की भागीदारी सीमित करने वाले अंतरराष्ट्रीय तौर-तरीकों का अध्ययन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय इंजीनियरों और कारोबारियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए इस शोध अध्ययन के आधार पर आगे की कार्रवाई पर गौर करेगी।

मंत्री ने इंजीनियरिंग समुदाय को 2030 तक इंजीनियरिंग सेवाओं, डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी कदम उठाने को कहा। उन्होंने यहां 'डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, अनुसंधान एवं विकास तथा पर्यावरण सेवाएं: सतत ऊर्जा, परिवहन और बुनियादी ढांचे पर वैश्विक सेवा निर्यात सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। मंत्री ने भारतीय कंपनियों से वैश्विक स्तर पर विस्तार करने, नए बाजारों पर पकड़ मजबूत करने और एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित) स्नातकों की प्रतिभा का लाभ उठाकर अपने क्षेत्रों में अग्रणी वैश्विक कंपनियां बनने का आग्रह किया।

गोयल ने कहा, '' हम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का उतना लाभ नहीं उठा पा रहे हैं जितना दूसरे देश उठा पा रहे हैं।'' उन्होंने 'सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी) और 'इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स' (इंडिया) (आईईआई) से उन अंतरराष्ट्रीय तौर-तरीकों पर एक अध्ययन करने का आह्वान किया जो वैश्विक परियोजनाओं में भारतीय इंजीनियरिंग कंपनियों की भागीदारी को सीमित करती हैं।



## 'इंडिया'' गठबंधन तय करे कि क्या वह सनातन धर्म विरोधियों के साथ चुनाव लड़ेगा : रूपाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के नेताओं द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयानों पर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के खिलाफ हमला बोला।

रूपाला ने कहा कि विपक्षी दलों के इस गठबंधन को तय करना होगा कि क्या वह सनातन धर्म विरोधी लोगों के साथ अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में उतरेगा?

मंत्री रूपाला ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की तीसरी वर्षगांठ पर इंदौर में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को सोचना चाहिए कि वे कैसे लोगों के साथ हैं?

इन दलों को तय करना होगा कि क्या वे सनातन धर्म को खत्म करने की बात कहने वाले लोगों का बोझ उठाकर चुनाव लड़ना चाहते हैं या देश की संस्कृति के साथ खड़े होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं? वैसे जनता भी अपने स्तर पर इन दलों का चुनावी भविष्य तय करेगी।''

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म और भारतीय संविधान, दोनों की मूलभूत अवधारणा है कि सभी धर्मों का आदर किया जाना चाहिए और किसी भी धर्म का अपमान नहीं किया जाना चाहिए।

रूपाला ने द्रमुक नेताओं की विवादास्पद बयानबाजी की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे लोग इस मूलभूत अवधारणा का उल्लंघन कर रहे हैं।

## आने वाले चुनावों में 'महंगाई की महालूट' का बदला लेगी जनता: खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इधर-उधर की बातें करके 'महंगाई की महालूट' से ध्यान भटकाना चाहते हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि आगामी चुनावों में जनता 'महंगाई की महालूट' का बदला लेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर महंगाई को लेकर एक चार्ट भी साझा किया गया है जिसमें यह दर्शाया गया है कि प्रमुख खाद्य वस्तुओं पर महंगाई दर 10 प्रतिशत के करीब है

खरगे ने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, ''तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि क़ाफ़िला क्यूं लुटा ? उन्होंने कहा, '' मोदी जी इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महंगाई की महालूट', से हटाना चाहतें हैं। मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाज़ा 20 प्रतिशत सबसे ग़रीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है।''

उन्होंने दावा किया, ''खान-पान की चीज़ों के दाम आसमान छू रहें हैं और देश अब ये जान गया है कि उनकी तकलीफ़ों का एकमात्र कारण भाजपा ही है। आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक़ सिखाकर, इस महालूट का बदला ज़रूर लेगी।''



## तेलंगाना: भाजपा ने 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' के मौके पर बाइक रैली निकाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को हैदराबाद से हनुमाकोंडा जिले के पारकल तक एक बाइक रैली निकाली। तत्कालीन हैदराबाद रियासत का 17 सितंबर 1948 को भारत संघ में विलय किया गया था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यहां परेड ग्राउंड में भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी के नेतृत्व में रैली को हरी झंडी दिखाई।

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ''सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड से पारकल तक बाइक रैली में शामिल हुआ, जिसे हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने और निजाम शासन के खिलाफ लड़ने वाले हमारे बहादुर नायकों के संघर्ष को प्रदर्शित करने के लिए अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किया गया।''

केंद्र 17 सितंबर को हैदराबाद में 'मुक्ति दिवस' का आधिकारिक समारोह आयोजित करेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस समारोह में शामिल होंगे। केंद्र इस कार्यक्रम का आयोजन यहां परेड ग्राउंड में करेगा।

## हरियाणा के सोनीपत में सेना के दो पूर्व जवानों की गोली मार कर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सोनीपत/भाषा।** हरियाणा के सोनीपत जिले में बाइक एवं गाड़ी में सवार दस से अधिक हमलावरों ने गोली मार कर सेना के दो पूर्व जवानों की हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान राज और रमेश के तौर पर की गयी है, दोनों जिले के लाठ गांव के रहने वाले थे और फौज से सेवानिवृत्त थे। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए, घटना की सूचना पर गोहाना सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दोनों मृतकों के बेटों के खिलाफ अप्रैल में गांव के युवक की हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था और पुलिस इन दोनों की हत्या को उस मामले की रंजिश से भी जोड़कर देख रही है।

## महाराष्ट्र सरकार झूठे आश्वासन दे रही है, जनता के लिए क्या किया है: आदित्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**औरंगाबाद/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को यहां कहा कि महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार ने झूठे आश्वासन देने के अलावा जनता के लिए कुछ नहीं किया है। औरंगाबाद और नासिक जिलों की दो दिवसीय यात्रा पर आये राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार मराठवाड़ा के लिए कई घोषणाएं करेगी, लेकिन क्या उन्हें लागू भी किया जाएगा।

आदित्य ठाकरे ने क्षेत्र के दो गांवों का भ्रमण करने से पहले यहां संवाददाताओं से बातचीत में एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए पहले भी वादे किये गये हैं। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र में इस सरकार ने पिछले डेढ़ साल में झूठे आश्वासन देने के अलावा कोई काम नहीं किया है।''

ठाकरे ने यहां शनिवार को होने वाली मंत्रिमंडल की विशेष बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बैठक के लिए इतना खर्च कर रही है, अगर मराठवाड़ा में कुछ अच्छा होने जा रहा है तो यह सारा खर्च जायज है। उन्होंने कहा, ''लेकिन सरकार को यह बताना चाहिए कि गुजरात, गुवाहाटी और गोवा में इस तरह का जो खर्च हुआ था, वह पैसा कहां से आया था।''

उनका इशारा परोक्ष रूप से उन स्थानों की ओर था, जहां पिछले साल उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना से बगावत करने के बाद शिंदे और उनके समर्थक गये थे।

राज्य सरकार ने हर साल 17 सितंबर को मनाये जाने वाले 'मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिवस' के मौके पर औरंगाबाद में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का फैसला किया है।

## चंदन की लकड़ी की ऑनलाइन नीलामी से रिकॉर्ड कमाई, केवल एक पेड़ की बिक्री से सवा करोड़ रुपये मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इडुक्की (केरल)/भाषा। केरल के वन विभाग ने चंदन की लकड़ी की ऑनलाइन नीलामी के जरिये इस महीने रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है। इसकी कमाई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चंदन के केवल एक पेड़ की बिक्री से 1.25 करोड़ रुपये की आय हुई। केरल के प्रसिद्ध मरयूर चंदन के पेड़ अपनी अनुपम सुगंध के लिए जाने जाते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि विभाग को इस नीलामी से 37.22 करोड़ रुपये की आय हुई, जिसमें कर्नाटक सोप्स, औषधि, जयपुर सीएमटी और इंडिया लिमिटेड, केएफडीसी और देवास्वोम बोर्ड जैसी बड़ी कंपनियों और संस्थाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि निजी भूमि और वन क्षेत्र से एकत्र की गई चंदन की लकड़ी की यहां नीलामी की गई। उन्होंने कहा कि निजी भूमि से एकत्र की गई चंदन की लकड़ी से हुई आय को संबंधित भूस्वामियों को प्रदान किया जाएगा। मरयूर के संभागीय वन अधिकारी विनादे कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मरयूर में एक निजी भूस्वामी के केवल एक चंदन के पेड़ को 1.25 करोड़ रुपये में खरीदा गया। इस पेड़ की केवल जड़ों को 27.34 लाख रुपये में बेचा गया।''

उन्होंने कहा कि निजी भूस्वामियों से कुल 4226 किलोग्राम चंदन की लकड़ी एकत्र की गई और इसे तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य पर बेचा गया। कुमार ने कहा कि इस राशि को भूस्वामियों में वितरित कर दिया जाएगा। मरयूर चंदन की लकड़ी के अलावा केरल के अन्य भागों से एकत्र की गई चंदन की लकड़ी की भी यहां नीलामी की गई।

# सनातन धर्म किसी को दूसरे धर्म को दूर रखना नहीं सिखाता : कमलनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत कई धर्मों का घर है और सनातन धर्म किसी को दूसरे धर्मों को दूर रखना नहीं सिखाता। कमलनाथ का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद आया है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी के विरोधी दलों का नवगठित मोर्चा, भारत के साथ-साथ हजारों वर्षों की इसकी समृद्ध संस्कृति को भी मिटाना चाहता है। प्रदेश के अशोकनगर शहर में पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, हम सभी ने सनातन धर्म को स्वीकार किया है। इसके बारे में किसी को बताने की जरूरत नहीं है। किसी को यह समझाने का कोई मतलब नहीं है कि हमारा देश सनातन धर्म का देश है क्योंकि यहां अन्य धर्म भी हैं। सनातन धर्म कभी किसी को दूसरे धर्मों को दूर रखना नहीं सिखाता। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों से की और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था। स्टालिन की पार्टी द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का प्रमुख घटक है । आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा टिकटों के वितरण के बारे में पूछे जाने पर कमलनाथ ने कहा, पार्टी का टिकट केवल कांग्रेस की राज्य इकाई और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के आधार पर दिए जाएंगे। मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़ कर केंद्रीय मंत्री बनाए जाने से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया के बारे में पूछे जाने पर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, सिंधिया जी अब भाजपा में हैं। उन्होंने अपनी किस्मत का फैसला कर लिया है और अब भाजपा उनका भविष्य तय करेगी। रेवड़ी संस्कृति पर उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच महीनों से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की झूठी घोषणाएं करने की मशीन दोगुनी गति से चल रही है।

## जीडीपी के आंकड़े मुद्रास्फीति के असर को सही प्रतिबिंबित नहीं करते : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किये जा सकते हैं, क्योंकि वे जीडीपी वृद्धि पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को सही रूप में प्रतिबिंबित नहीं करते।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि निवेश और निर्यात भी बड़े ही नाटकीय रूप से मंद पड़ गया है, जो अधिकतर भारतीय नागरिकों की इस स्थिति को बताता है कि ''सब कुछ ठीक नहीं है।'' उन्होंने वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम की राय 'एक्स' पर साझा की। रमेश ने पोस्ट किया, ''जब सुर्खियों का प्रबंधन करने को गंभीर नीति निर्धारण के ऊपर प्राथमिकता दी जाती है, तो सरकार अत्यधिक विकास की अपनी गढ़ी कहानियों पर विश्वास करना शुरू कर देती है।'' उन्होंने कहा वास्तविकता कहीं अधिक गंभीर है, जैसा कि मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बताया है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, ''वास्तविक जीडीपी के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किये जा सकते हैं, क्योंकि यह जीडीपी वृद्धि पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करता है।''



शुक्रवार को बेंगलूरु के विधान सौधा में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के हिस्से के रूप में 'संविधान की प्रस्तावना पढ़ें' कार्यक्रम में भाग लेते हैं मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, समाज कल्याण मंत्री डॉ. एचसी महादेवप्पा एवं अन्य।

# कर्नाटक सरकार ने किया संविधान की प्रस्तावना के पाठ का आयोजन, लाखों लोगों ने लिया हिस्सा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' के मौके पर संविधान की प्रस्तावना के पाठ को लेकर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें देश और विदेश से लाखों लोगों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और कई अन्य अतिथियों के साथ यहां 'विधान सौधा' की सीढियों पर आयोजित समारोह में प्रस्तावना पाठ समारोह का नेतृत्व किया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे और अन्य लोग शामिल हुए।

जून में, कर्नाटक सरकार ने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त या निजी स्कूल और कॉलेजों के छात्रों के लिए प्रतिदिन प्रस्तावना का पाठ अनिवार्य कर दिया था। सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का चित्र लगाना भी अनिवार्य किया था।

सिद्दरामैया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच गारंटी' (चुनाव पूर्व वादों) में से चार को पूरा किया है और अपनी बात पर कायम रही''। उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है। हमारा संविधान 'हम भारत के लोग' से शुरू होता है। यदि संविधान की इच्छाओं को प्रभावी ढंग से नहीं समझा और उनका पालन नहीं किया गया तो समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है।

सिद्दरामैया ने कहा कि समाज में समानता का आह्वान करने वाले और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर प्रकाश डालने वाले संविधान की आकांक्षा के अनुसार उनकी सरकार ने सभी की समृद्धि के लिए योजनाएं लागू की हैं और उनका उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्हें उसका पैसा वापस लौटाना है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने समतामूलक समाज और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत की संविधान की आकांक्षाओं के अनुरूप सभी की समृद्धि के लिए कार्यक्रम लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान विरोधी ताकतें संविधान को नष्ट कर दोबारा मनुस्मृति लागू करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने इस संबंध में सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया।

सिद्दरामैया ने कहा, संविधान को नष्ट करने और मनुस्मृति को लागू करने का मतलब है कि 90 प्रतिशत भारतीयों को फिर से गुलामी में धकेल दिया जाएगा। कर्नाटक के समाज कल्याण मंत्री एच. सी. महादेवप्पा ने बुधवार को कहा था कि देश और विदेश के करीब 2.28 करोड़ लोगों ने संविधान की प्रस्तावना के पाठ के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा था, देश और विदेश से 2,27,81,894 लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। हमने पांच या 10 लाख लोगों के पंजीकरण कराने की उम्मीद की थी, लेकिन यह एक आंदोलन बन गया है। महादेवप्पा ने कहा, इसका मकसद, विशेषकर युवाओं को लोकतंत्र और संविधान के विचार को समझाना है, और इस तरह वे प्रस्तावना के मुख्य उद्देश्य, सम्मान, स्वतंत्रता और समानता के साथ जीवन जीना सीखेंगे।

# मंत्री सुधाकर को राहत

## हाईकोर्ट ने मंत्री के खिलाफ जांच पर अंतरिम रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी. सुधाकर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कथित भूमि कब्जा और अत्याचार मामले में मंत्री के खिलाफ जांच पर अंतरिम रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री सुधाकर की याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश जारी किया। पीठ ने सरकार को आपात नोटिस जारी कर आपत्तियां दाखिल करने को कहा था। मामले को 3 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। येलहंका निवासी सुब्बम्मा ने 10 सितंबर को यलहंका थाने में मंत्री डी. सुधाकर व अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।



सुब्बम्मा ने आरोप लगाया था कि सुधाकर और अन्य लोगों ने उसके परिवार के सदस्यों को धोखा दिया और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर ले लिए। इस संबंध में मामला सिविल कोर्ट के साथ-साथ हाईकोर्ट में भी है। सुब्बम्मा ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद सुधाकर व अन्य लोग आए और मकान खाली करा दिए। जब इस पर सवाल उठाया गया तो 35 से अधिक लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए हमला कर दिया था। मंत्री सुधाकर ने स्पष्ट किया था कि वह ज्यादती के मामले में शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा था, 'मैं सभी जातियों का सम्मान करता हूं और मैंने कोई गलती नहीं की है।'

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मामला दीवानी प्रकृति का है। धमकी देने और पीसीआर में अंतर है। मैंने अधिकारियों से जानकारी ली तो पता चला कि यह झूठा मामला है। सुधाकर को इस्तीफा देने की कोई आवश्यकता नहीं है। शिवकुमार ने आगे कहा कि भाजपा कोई भी साजिश रचे, ये सिविल केस है। राज्य में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के रूप में, मुझे मामले के बारे में सारी जानकारी मिल गई है। सुधाकर ने सहमति से जमीन खरीदी थी। चुनाव के दौरान एक तीसरे पक्ष ने उस जमीन पर एक परिसर स्थापित कर दिया था। सुधाकर के समर्थक अपनी जमीन बचाने गये थे। इस संबंध में पीसीआर के माध्यम से ज्यादती का मामला दर्ज कराया गया है।

# खंभे से बांधकर दलित की पिटाई

हावेरी/दक्षिण भारत । हावेरी जिले के मूका बसारीकट्टी गांव में मामूली बात पर एक दलित व्यक्ति को बिजली के खंभे से बांधकर उसकी पिटाई करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान रब्बानी राजासबनावर, जहीर अहमद सावनुरु, मोदीनसाब, अहमद साब और राजेसबनावर के रूप में की गई। पीड़ित की पहचान रामप्पा हरिजन के रूप में की गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने यह मानकर रामप्पा की पिटाई की थी कि उसने इलाके में एक डिश एंटीना का केबल तार काट दिया है। जबकि कर्नाटक इलेक्ट्रिसिटी कंपनी (केईबी) के कर्मचारियों ने पेड़ों की शाखाएं काट दी थीं और उसी से केबल का तार टूट गया था। आरोपियों को शक था कि रामप्पा ने ही ऐसा किया है। उन्होंने उसकी पिटाई की, फिर उसे बिजली के खंभे से बांध दिया और गांव में सबके सामने उसकी पिटाई की। दलित संगठनों ने घटना की निंदा की और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। शिग्गाओव पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




# गैर कानूनी गतिविधि पाए जाने पर संबंधित डीसीपी-एसपी के खिलाफ कार्रवाई होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को कहा कि यदि राज्य में कहीं भी गैर कानूनी गतिविधियों और संगठित अपराधों को अंजाम दिया जाता है, तो संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के अधिकारियों को जवाबदेह ठहराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सिद्दरामैया ने कहा कि कानून व्यवस्था का राज्य के विकास से सीधा संबंध है और उनकी सरकार केवल निचले स्तर के अधिकारियों के खिलाफ सख्ती करके पल्ला नहीं झाड़ लेगी, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि झूठी खबरें और अफवाह फैलाकर समाज में शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि ऐसे संवेदनशील मामलों में शिकायतकर्ताओं के आगे आने की प्रतीक्षा किये बगैर कार्रवाई की जाए।

राज्य पुलिस महानिदेशक के कार्यालय में आयोजित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिद्दरामैया ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय अपराध शाखा को मजबूत करने के लिए 230 अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दी है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने वाहन चोरी की ई-एफआरआई एवं ई-चालान की शुरुआत की। ई-चालान शुरु करने में कर्नाटक भारत का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से वाहन को ढूंढने में और समय और सफलता मिलेगी। बैठक में गृहमंत्री जी. परमेश्वर, डीजीपी/आईजीपी आलोक मोहन, पुलिस आयुक्त दयानंद आदि उपस्थित थे।

## कर्नाटक बीजेपी टिकट घोटाला

# पूछताछ के दौरान महिला हिंदू कार्यकर्ता बेहोश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*बेंगलूरु। विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट दिलाने का वादा कर एक व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार हिंदू कार्यकर्ता चैत्रा कुंदापुरा शुक्रवार को सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) कार्यालय में पूछताछ के दौरान बेहोश हो गईं। आरोपी को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि चैत्रा को सुबह महिला पुनर्वास केंद्र से सीसीबी कार्यालय लाया गया। जूनियर अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे थे और एसीपी रीना सुवर्णा को उससे कुछ ही देर में पूछताछ करनी थी, तभी यह घटना घटी।*

*उनसे पूछताछ का यह तीसरा दिन था। पारिवारिक सूत्रों ने बताया है कि चैत्रा मिर्गी से पीड़ित है। सूत्रों ने यह भी कहा कि चैत्रा ने सीसीबी कार्यालय में आत्महत्या का प्रयास किया। सीसीबी स्पेशल विंग की ओर से अभी आधिकारिक बयान नहीं दयिा गया है। चैत्रा का आईसीयू में इलाज चल रहा है। इस बीच, मामले के एक अन्य आरोपी, विजयनगर जिले के हुविनाहाडागली में हिरेहादागली मठ के अभिनव हलश्री ने गुरुवार को अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की है। कुंदापुरा की गिरफ्तारी के बाद से हलश्री फरार है और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।*

*याचिका बेंगलूरु में 57 सीसीएच अदालत के समक्ष दायर की गई है और अदालत शनिवार को याचिका पर सुनवाई करेगी। सूत्रों ने बताया कि हलश्री के भाजपा और आरएसएस के कई प्रमुख नेताओं से संबंध हैं। चैत्रा कुंदापुरा के इस बयान के बाद कि इस घोटाले में बड़ी हस्तियां शामिल हैं, मामले में सनसनीखेज मोड़ आ गया है। बीजेपी की कर्नाटक इकाई ने चैत्रा कुंदापुरा से दूरी बना ली है। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि भाजपा और कुंदापुरा की गिरफ्तारी के बीच कोई संबंध नहीं है।*

*बोम्मई ने कहा, चैत्रा मामले से कोई संबंध नहीं है। मामले की व्यापक जांच होनी चाहिए, जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। स्थानीय पार्टी नेताओं के कड़े विरोध के बावजूद बीजेपी ने कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनाव में 72 नए चेहरों को टिकट दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी और पूर्व मंत्री के.एस. ईश्वरप्पा को टिकट नहीं दिया गया और विधानसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।*

# हुब्बल्ली के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह का रास्ता साफ

## हाई कोर्ट ने विरोध में दायर याचिका खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने शुक्रवार को यहां विवादास्पद ईदगाह मैदान के परिसर में गणेश मूर्ति की स्थापना और गणेश चतुर्थी उत्सव मनाने का विरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी। अंजुमन-ए-इस्लाम संगठन ने विवादास्पद स्थल पर पांच साल के लिए गणेश उत्सव मनाने की अनुमति देने के हुब्बल्ली-धारवाड़ सिटी कॉर्पोरेशन की आम सभा के फैसले का विरोध करते हुए याचिका दायर की थी।

भाजपा विधायक अरविंद बेलाड ने बताया कि पीठ ने टिप्पणी की कि अंजुमन-ए-इस्लाम संगठन के पास ईदगाह मैदान मामले के संबंध में कोई अधिकार नहीं है। संपत्ति नगर निगम की है। उनके अनुसार, पीठ ने यह भी कहा कि अंजुमन-ए-इस्लाम संगठन के लिए त्योहार का विरोध करना उचित नहीं है। कोर्ट ने नगर निगम की संपत्ति में हस्तक्षेप नहीं करने का निर्देश दिया है।

नगर निगम ने करीब एक महीने पहले अपनी आम बैठक में ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी के आयोजन की अनुमति देने का फैसला किया था, हालांकि बाद में उसने समारोह के आयोजकों को अनुमति पत्र देने से मना कर दिया था। अंजुमन-ए-इस्लाम ने 13 सितंबर को निगम की बैठक में हुए फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। भाजपा विधायक ने कहा कि आदेश के बाद, यह स्पष्ट है कि ईदगाह मैदान के संबंध में पूरा अधिकार अब नगर निगम के पास है और अब नगर निगम के आयुक्त को ईदगाह मैदान में गणेश उत्सव मनाने की अनुमति देनी होगी। हाई कोर्ट में इस्लामिक संगठन की याचिका के बाद भाजपा और हिंदू संगठन ईदगाह मैदान में त्योहार मनाने की अनुमति की मांग को लेकर गुरुवार से हुबली-धारवाड़ नगर निगम के समक्ष विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन में भाजपा विधायक महेश तेंगिनकायी भी शामिल हुए। हाई कोर्ट के फैसले के बावजूद प्रदर्शनकारी धरने पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि अनुमति पत्र मिलने तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

बेलाड ने पिछले बुधवार को कहा था कि चाहे कुछ भी हो, हुब्बल्ली शहर के ईदगाह मैदान में गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सिर्फ अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ईदगाह मैदान में त्योहार मनाने की अनुमति नहीं दे रही है। विधायक बेलाड ने कहा, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने टीपू जयंती मनाई थी, जिसकी आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने मुसलमानों के साथ नमाज भी अदा की थी। लेकिन, जब गणेश उत्सव के लिए अनुमति मांगी गई, तो इनकार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एक माह पहले जिला आयुक्त को भी पत्र लिखा गया था लेकिन प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने कहा, ईदगाह मैदान नगर निगम की संपत्ति है। सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। चाहे वे अनुमति दें या नहीं, हम उस स्थान पर गणेश प्रतिमा स्थापित करेंगे।

'मैं भगवान गणेश के भक्तों के लिए बोल रहा हूं। मैं लोगों की भावनाओं को सरकार तक पहुंचा रहा हूं। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ईदगाह मैदान में मूर्ति स्थापित करने की अनुमति दी थी।




# सर एम विश्वेश्वरैया के सपने को साकार करें : राज्यपाल गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सर एम विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियरों में से एक हैं जिन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि देश के विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वह फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित संस्थापक दिवस और सर एम विश्वेश्वरैया पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। 15 सितंबर को देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन है। देश के लिए सर विश्वेश्वरैया के महान कार्यों की सराहना करते हुए भारत सरकार ने 1968 में उनके जन्मदिन को इंजीनियर दिवस के रूप में घोषित किया, तब से हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य में विभिन्न उद्योगों के विकास और विस्तार में सर एम विश्वेश्वरैया का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने राज्य में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, सबसे बड़े सिंचाई जलाशय, कृष्णराज सागर जलाशय के निर्माण सहित कई महान योगदान दिए। विश्वेश्वरैया दूरदर्शी थे। उन्हें समाज की चिंता थी कि देश हर क्षेत्र में विकास करे। ऐसे भारत रत्न के सपने को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विश्वेश्वरैया हर इंजीनियर के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास में अहम योगदान देकर वह हम सभी के लिए आदर्श हैं।

एफ केसीसीआई कर्नाटक राज्य में उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र में एक अग्रणी संगठन के रूप में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। हर साल संस्थापक के जन्मदिन को मनाने के लिए, कर्नाटक राज्य और कन्नड़ लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार, इस वर्ष, वोल्वो ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कमल बाली, जिनके पास सेल्स एंड मार्केटिंग और सप्लाई चेन के कार्यात्मक क्षेत्रों में गहरा अनुभव है, को सर एम विश्वेश्वरैया पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि जारी रहेगी और उनकी समाज सेवा जारी रहेगी।'

# तमिलनाडु को पानी छोड़े जाने के विरोध में भाजपा 'कावेरी रक्षणा यात्रा' निकालेगी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़ने के कर्नाटक सरकार के फैसले के विरोध में 'कावेरी रक्षणा यात्रा' निकालेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा नदी के निकटवर्ती क्षेत्रों में निकाली जाएगी।

बोम्मई ने कावेरी बेसिन (नदी के आसपास के क्षेत्रों) में प्रत्येक किसान को मुआवजे के रूप में 25,000 रुपये का मुआवजा देने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी के नेताओं की एक बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा भी शरीक हुए। कावेरी मुद्दे पर प्रदेश के हितों की रक्षा करने में राज्य सरकार के नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए बोम्मई ने कहा, ''कोवरी जल का प्रबंधन जून महीने में किया जाना चाहिए था। हमने अपने किसानों को 30 प्रतिशत भी पानी नहीं दिया। वहीं, दूसरी ओर तमिलनाडु के किसान दूसरी फसल उगा रहे हैं।''

बोम्मई ने कहा, 'हमारी (कर्नाटक) सरकार कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखने में नाकाम रही। कर्नाटक सरकार कावेरी बेसिन में मौजूदा स्थिति के बारे में भी उच्चतम न्यायालय को सहमत करने में नाकाम रही। हमने पानी छोड़ा और संकट में पड़ गए।'

# गगनयान के लिए परीक्षण यान का प्रक्षेपण एक या दो महीने में

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक प्रमुख अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के महत्वाकांक्षी प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान उपक्रम 'गगनयान' के पहले परीक्षण यान को एक या दो महीने में भेजा जाएगा।

यह गगनयान कार्यक्रम के चार एबॉर्ट मिशन' में से पहला होगा। पहले परीक्षण यान मिशन 'टीवी-डी1' के बाद दूसरे परीक्षण यान मिशन टीवी-डी2' को भेजा जाएगा जो गगनयान का पहला चालकदल रहित मिशन (एलवीएम3-जी1) होगा। परीक्षण यान मिशनों की दूसरी शृंखला के तहत टीवी-डी3 और डी4 मिशन तथा एलवीएम3-जी2 मिशन को रोबोटिक पेलोड के साथ अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार सफल परीक्षण यान और चालक दल रहित मिशनों के परिणामों के आधार पर चालक दल के साथ मिशन भेजने की योजना बनाई जाएगी। गगनयान के परियोजना निदेशक आर हटन ने यहां एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन में कहा, 'फिलहाल हम तत्काल जो लक्ष्य रख रहे हैं वह 'क्रू एस्केप सिस्टम' को मान्य करना है। एक या दो महीने में श्रीहरिकोटा से मिशन शुरू हो जाएगा।' 'क्रू एस्केप सिस्टम' एक आपातकालीन उपाय है जिसे प्रक्षेपण निरस्त होने की स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों के साथ क्रू मॉड्यूल को प्रक्षेपण यान से सुरक्षित दूरी पर तुरंत खींचने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# कर्नाटक में निपाह वायरस को लेकर निगरानी बढ़ाई गयी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक ने केरल में निपाह वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने जिलों में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक में अधिकारियों ने लोगों से केरल के निपाह प्रभावित जिलों की गैर जरूरी यात्रा नहीं करने को कहा है।

कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणकारी सेवाओं द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है, केरल राज्य के कोझिकोड जिले में दो मौतों के साथ निपाह के चार मामलों की पुष्टि होने के मद्देनजर, संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए केरल राज्य की सीमा से लगे जिलों में निगरानी गतिविधियों को तेज करने की जरूरत है।

आदेश में सभी स्तरों पर निपाह वायरस रोग प्रसार को रोकने के लिए राज्य के जिलों द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू करने का भी आह्वान किया गया। आदेश के अनुसार, कर्नाटक से केरल में प्रवेश बिंदु पर बुखार की निगरानी के लिए चेक पोस्ट स्थापित करना। चामराजनगर, मैसूर, कोडागु और दक्षिण कन्नड़ जैसे सीमावर्ती जिलों और कर्नाटक में प्रवेश के बिंदुओं पर बुखार की जांच तेज करना।

स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाओं और ऑक्सीजन का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक केरल में निपाह संक्रमण के मामलों की संख्या छह हो गई है।

केरल में सबसे पहले 2018 में कोझिकोड और मलप्पुरम जिलों में निपाह वायरस का प्रकोप देखा गया था, इस दौरान 17 लोगों की मौत हुई थी।

वर्ष 2019 और वर्ष 2021 में निपाह के मामले राज्य में फिर से सामने आये थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, निपाह वायरस ज़ूनोसिस संक्रमण है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलता है और गंभीर बीमारी का कारण बनता है। इस वायरस से संक्रमित होने पर आमतौर पर, तेज बुखार, सिर दर्द, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, एटिपिकल निमोनिया और कोमा जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

# 'आज तक' के सलाहकार संपादक सुधीर चौधरी की गिरफ्तारी की जरूरत नहीं : कर्नाटक उच्च न्यायालय

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक हिंदी समाचार चैनल 'आज तक' के सलाहकार संपादक सुधीर चौधरी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में पुलिस को त्वरित कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत ने साथ ही कहा है कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है और इसकी जांच की जानी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह चौधरी की ओर से प्राथमिकी को चुनौती देने संबंधी याचिका का निपटारा कर देगी और तब तक उनसे हिरासत में पूछताछ की कोई जरूरत नहीं है। अदालत ने चौधरी की याचिका पर अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया और याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 20 सितंबर तय की गई है। कर्नाटक अल्पसंख्यक विकास निगम (केएमडीसी) के सहायक प्रशासक शिवकुमार एस की शिकायत पर यहां शेषाद्रिपुरम थाने में चैनल और इसके सलाहकार संपादक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 505 (शरारतपूर्ण बयान) 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चौधरी ने प्राथमिकी को चुनौती दी थी। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदर की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रथम दृष्टया जांच के लिए मामला बनता है।

# राजस्थान में एकजुट होकर लड़ेंगे चुनाव, आलाकमान तय करेगा कि अगली सरकार का नेतृत्व कौन करेगा : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान विधानसभा चुनाव 'एकजुट होकर' लड़ेगी और अगली सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इसका फैसला आलाकमान द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों के साथ विचार विमर्श के बाद किया जाएगा। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में हर पांच साल पर सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ेगी। हैदराबाद में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में पायलट ने कहा कि कांग्रेस 2018 के राजस्थान चुनाव में किए गए सभी चुनावी वादों पर खरी उतरी है और राज्य सरकार और पार्टी मिलकर काम कर रही हैं। पायलट ने विश्वास जताया कि इस एकजुटता के परिणामस्वरूप इस चुनाव में कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगी।



चुनाव में पार्टी के सामूहिक नेतृत्व के साथ उतरने से जुड़े अपने पहले के बयान के बारे में पूछे जाने पर पायलट ने कहा कि यह न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस की परंपरा रही है। उनका कहना था, एक बार जब हम चुनाव जीत जाते हैं और बहुमत प्राप्त कर लेते हैं, तो विधायक और पार्टी नेतृत्व तय करते हैं कि विधायक दल का नेतृत्व कौन करेगा। यह कोई नई बात नहीं है। यह दशकों से परिपाटी रही है और अगले कुछ महीने में हम जिन राज्यों में चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं वहां पर भी यही नीति अपनाई जाएगी।

कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछे जाने पर पायलट ने कहा, (मल्लिकार्जुन) खरगे जी, राहुल (गांधी) जी और सोनिया जी हमारे नेता हैं और राजस्थान में हमारी कांग्रेस सरकार है। इसलिए हमें एकजुट होकर प्रभावी ढंग से काम करना होगा ताकि चुनाव जीता जा सके। अगर हमें बहुमत मिलता है तो विधायकों से विचार विमर्श किया जाएगा और नेतृत्व उसके आधार पर फैसला करेगा कि सरकार की कमान किसे सौंपी जाए। पायलट ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी हमेशा एकजुट रही है। हमारे पास जो भी मुद्दे हैं, उन पर चर्चा करना, बात करना और यह सुनिश्चित करना हमारे अधिकार में है कि लोगों की आवाज ऊपर के स्तर पर सुनी जाए।'

यह पूछे जाने पर कि अतीत में गहलोत (राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत) ने उन्हें 'निकम्मा', 'नाकारा' और 'गद्दार' जैसे नामों से बुलाया था और क्या वह इन बातों को भूल चुके हैं, पायलट ने कहा, मैंने अपने सभी सार्वजनिक बयानों में हमेशा अत्यधिक सम्मान और संयम दिखाया है। मेरे मूल्य और संस्कार मुझे ऐसी भाषा का उपयोग करने की इजाजत नहीं देते जो हमारी बातचीत की गरिमा को कम कर दे।

उनका कहना था, मैंने जो मुद्दे उठाए उनका पार्टी नेतृत्व ने संज्ञान लिया और उनके समाधान के लिए कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि पिछले साल विधायक दल की बैठक नहीं होने देने के मामले में गहलोत के तीन वफादार नेताओं के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई है, पायलट ने कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते क्योंकि ऐसे मुद्दों पर फैसला एआईसीसी को करना है। पायलट ने दावा किया कि भाजपा राज्य में बुरी स्थिति में है और अपने संगठन के भीतर विभिन्न प्रकार के 'विरोधाभासों' का सामना कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा केंद्र में सत्ताधारी दल की भूमिका नहीं निभा पाई और उसने लोगों को निराश किया । साथ ही वह राजस्थान में भी विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करने में विफल रही। राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भारतीय जनता पार्टी के हमले पर पलटवार करते हुए पायलट ने कहा कि भाजपा को संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करने के बजाय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, अन्य भाजपा शासित राज्यों में दलितों एवं आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर भी उतनी ही चिंता दिखानी चाहिए।

# पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने हड़ताल स्थगित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को दस दिन के लिए स्थगित कर दी। संगठन ने राज्य सरकार ने उनकी मांगों पर विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार समिति गठित की है।

पेट्रोल डीजल पर वैट की दरें पड़ोसी राज्य पंजाब के समान करने की मांग को लेकर एसोसिएशन ने शुक्रवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मीडिया से कहा, 'हड़ताल वापस ले ली गई है। राज्य सरकार ने एसोसिएशन की मांगों पर विचार करने के लिए अधिकार प्राप्त समिति गठित की है। यह राज्य और लोगों के हित में 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।'

इसके साथ ही पेट्रोल डीजल की उंची कीमतों को लेकर उन्होंने केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि संप्रग सरकार में जब कच्चे तेल की कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल थी तब भी पेट्रोल और डीजल की कीमत कम हुआ करती थी।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने ईंधन पर विशेष और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क एवं उपकर लगाया है और अपना खजाना भर रहा है जबकि राज्यों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इस बीच एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने कहा, 'हमने अपनी हड़ताल 10 दिनो के लिए स्थगित कर दी है। एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गयी है जो अगले 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी और हमारी मांगों पर निर्णय करेगी।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में पेट्रोल पंप डीलरों का कमीशन बढ़ाना, उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा वैट दर कम करने पर निर्णय करना, सीमावर्ती जिलों में डिपो खोलना और पेट्रोल-डीजल को माल एवं सेवा कर के दायरे में लेना शामिल है। एसोसिएशन के महासचिव सुनीत बगई ने कहा कि वैट दर कम करने से न सिर्फ राज्य सरकार का राजस्व बढ़ेगा, बल्कि सरकार पर बोझ भी नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'हमने इसके प्रमाण में सरकार के समक्ष आंकड़े पेश किये हैं।' इस बीच राज्य में हड़ताल का आंशिक असर देखने को मिला।

जयपुर में पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा संचालित पंपों को छोड़कर अन्य पेट्रोल पंप बंद रहे। कोटा पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तरूणित सिंह बेदी ने कहा कि आज पंप खुले रहे, हालांकि एसोसिएशन के समर्थन में पिछले दो दिनों से पंप बंद थे। एसोसिएशन ने दावा किया था कि राज्य भर के 6,700 से अधिक ईंधन पंप हड़ताल में भाग ले रहे हैं। इससे पहले एसोसिएशन ने बुधवार व बृहस्पतिवार को सांकेतिक हड़ताल रखी जिसके तहत इन दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक पेट्रोल पंप बंद रहे।

## कोटा हवाई अड्डा निर्माण में हो रही देरी के लिए केंद्र जिम्मेदार : गहलोत

कोटा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण में देरी के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष और स्थानीय सांसद ओम बिरला राज्य की कांग्रेस सरकार को श्रेय जाने के डर से हवाई अड्डे के विकास के लिए सकारात्मक भूमिका नहीं निभा रहे हैं। गहलोत ने बूंदी जिले के शंभूपुरा गांव में प्रस्तावित कोटा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ काम की प्रगति पर चर्चा की।

गहलोत ने दावा किया कि राज्य सरकार हवाई अड्डे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अर्बन इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट (कोटा) ने 34 हेक्टेयर जमीन भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को मुफ्त में हस्तांतरित कर दी है जबकि वन भूमि के लिए 21.13 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी वन विभाग को जारी कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कदमों के बावजूद केंद्र ने परियोजना पर काम शुरु नहीं किया।

# गहलोत सरकार संवेदनशीलता खो चुकी है : पूनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनिया ने राज्य की गहलोत सरकार पर संवेदनशीलता खो देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसके शासन में भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, पेपर लीक एवं दलितों-किसानों के साथ अत्याचार का बोलबाला है। डा पूनिया शुक्रवार को अजमेर में शहर भाजपा की ओर से निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा को पुष्कर होते हुए नागौर जिले के लिये रवाना करने के मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस में आपसी खींचतान से जनता के नुकसान को रेखांकित करते हुए कहा कि 52 दिनों की बाड़ेबंदी रेकॉर्ड बन गई। भाजपा में सब को बराबर का सम्मान है और मुख्यमंत्री के चेहरे से पहले हम सभी लक्ष्य कांग्रेस को सरकार से बाहर करना, भाजपा को सत्ता में काबिज कराना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा आलाकमान मजबूत और सक्षम है और हम आलाकमान के अनुशासन से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता के मुद्दों को सदन के अंदर और सदन के बाहर उठाने का काम कर विपक्ष की बखूबी भूमिका निभाई है जबकि गहलोत सरकार है जो हर कदम पर विफल है तो दूसरी ओर केन्द्र की मोदी सरकार है जो हर कदम पर सफल रहकर विश्व में कीर्तिमान बना रही है।



उन्होंने कहा कि गत नौ वर्षों में देश का आधारभूत ढांचा मजबूत किया गया है। भारत का अन्तरिक्ष अभियान में विश्व में सबसे ज्यादा लांचिंग करने वाला देश बन गया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के जरिए एक धरती-एक परिवार, एक भविष्य मोदी सरकार की पहल है, जिसे विश्व के सभी देशों ने स्वीकार किया है।

उन्होंने गहलोत सरकार को झूठ,असत्य, अधर्म तथा विग्रह की सरकार करार देते हुए कहा कि इसके शासन में भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, पेपर लीक , दलितों-किसानों के साथ अत्याचार का बोलबाला रहा । अपने जनघोषणा पत्र को बाईबल की तरह बताने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांगेस नेता राहुल गांधी दस दिनों में कर्जा माफ करने जा रहे थे, नहीं कर पाये।

डा पूनिया ने कहा कि भाजपा की यह यात्रा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने तथा जनता के बीच पहुंचकर अपनी बात रखने के लिए राज्यव्यापी है। संगठन की ओर से 200 विधानसभा क्षेत्र के लिए चार यात्राओं का आयोजन किया गया जो पूरी होने के बाद 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के साथ समाप्त होगी, जिसमें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को शामिल किया जायेगा।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार जनता भाजपा के साथ है और हम सत्ता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को पार्टी से उम्मीद है और भविष्य दिखता है ।



# प्रभावी राजस्व प्रबन्धन हेतु प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकास की जानकारी आवश्यक : पाठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सार्वजनिक क्षेत्र की वित्तीय दक्षता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोणों की जांच करने के उद्देश्य से आज आयोजित इस दो दिवसीय एलेट्स राष्ट्रीय राजस्व सम्मेलन के पहले दिन प्रभावी राजस्व प्रबंधन के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा, भविष्य में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन की वास्तुकला, डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से राजस्व प्रणालियों का आधुनिकीकरण , और राजस्व वृद्धि में चुनौतियाँ और अवसर,जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न राज्यों के वित्त विभागों के अधिकारियों ने विभिन्न पैनल सेशन के दौरान विचार विमर्श किया। इस अवसर पर ई-गवर्नेंस पत्रिका के एक विशेष संस्करण का विमोचन भी किया गया।

सम्मेलन में वित्त सचिव (राजस्व) के.के. पाठक ने कहा कि राजस्व और राज्य आपस में जुड़े हुए हैं और दोनों एक दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं। उन्होंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य की संप्रभुता का संबंध उसकी राजनीतिक शक्ति से अधिक उसकी आर्थिक शक्ति से है।चीजें तेजी से बदल रही हैं और प्रौद्योगिकी लगातार विकसित हो रही है, इसलिए हमें नवीनतम प्रौद्योगिकी विकास के बारे में जानकारी रखने की आवश्यकता है,ताकि प्रभावी राजस्व प्रबंधन और राष्ट्र के विकास को बढ़ावा देने में पीछे न रहें।

राजस्व सम्मेलन में गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त जे. पी. गुप्ता ने कर प्रणाली की तुलना तितली और फूल के रिश्ते से करते हुए कहा कि जिस प्रकार तितली फूल से पोषक तत्व निकालती है, उसी प्रकार कर व्यवस्था का उपयोग अर्थव्यवस्था से संसाधन प्राप्त करने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक फूल तितली के कार्यों के माध्यम से बेहतर बीज पैदा करता है, वैसे ही कर व्यवस्था को अपनी मौलिक प्रकिया के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, ताकि संसाधनों के उचित सृजन से अर्थव्यवस्था में वृद्धि और प्रसार सुनिश्चित हो।

राज्य की आय में पंजीकरण और स्टाम्प के योगदान के बारे बताते हुए संयुक्त सचिव, वित्त (कर), सुनप्रता वृष्णि ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार में ऑटो डीड सिस्टम को अपनाया गया है, जिसके तहत ई-पंचायत पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता बिना बिचौलियों की मदद के सरल तरीके से अपने कार्य सम्पादित कर सकते हैं। दूसरी पहल राजस्टैम्प है, जिसका उद्देश्य स्टाम्प खरीद के लिए उपयोगकर्ता को अनुकूल ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करना है। राजस्व सम्मेलन में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय अग्रवाल ने बैंकिंग परिप्रेक्ष्य में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऋण आवंटन में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का योगदान काफी महत्वपूर्ण है और यह बैंकिंग क्षेत्र की दृष्टि से देश के लिए सकारात्मक संकेत है।



# पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय अभियंता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रीय अभियंता दिवस (15 सितंबर) के अवसर पर शुक्रवार को सार्वजनिक निर्माण मुख्यालय पर विभागीय अभियंताओं एवं कार्मिकों द्वारा भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा को माला पहनाकर उन्हें याद किया गया। इस दौरान मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव संजीव माथुर ने कहा कि भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए,उनकी याद में आज देश इंजीनियर्स दिवस मना रहा है। उन्होंने सभी को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभियंता किसी भी देश व प्रदेश के विकास व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम राष्ट्र निर्माण में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से अपना योगदान दें।

माथुर ने कहा कि आज का यह दिन उन सभी अभियंताओं की मेहनत को सलाम करने का दिन है, जिनके अथक प्रयासों और खोजों की बदौलत आमजन का जीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सभी यह प्रण लें की राज्य सरकार की प्रदेश को 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने में अभियंता पूर्ण निष्ठा और लगन से कार्य कर इस मिशन को सफल बनायेंगे।

इस दौरान भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को और उनके राष्ट्र निर्माण के योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता(एनएच) डी.आर. मेघवाल, मुख्य अभियंता(गुण नियंत्रण) मुकेश भाटी और विभागीय अभियंता और कार्मिक उपस्थित रहे।

# कोचिंग छात्र सोशल मीडिया पर बनी दोस्त के साथ भागा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। दो नाबालिगों के लापता होने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कोटा पुलिस और मानव तस्करी रोधी दस्ते ने उन्हें शहर के रेलवे स्टेशन से उस समय पकड़ लिया जब दोनों जयपुर-मुंबई ट्रेन में सवार थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कोटा में कोचिंग की पढ़ाई कर रहा 16 वर्षीय छात्र और महाराष्ट्र की रहने वाली 14 वर्षीय लड़की सोशल मीडिया के माध्यम से मित्र बने थे।

इसने बताया कि दोनों बुधवार की रात करीब 11 बजे कोटा जंक्शन पर मिले। कोटा शहर के पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि लड़के के पिता ने 11 सितंबर को जवाहर नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका बेटा गत शनिवार से लापता है। उन्होंने कहा कि एक और शिकायत लड़की के लापता होने के संबंध में महाराष्ट्र के वर्धा जिले के देवली पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि लड़का 10 सितंबर को कोटा से ट्रेन के जरिये नागपुर पहुंचा था और इसके बाद 14 साल की लड़की के साथ जयपुर गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगे की जांच में जानकारी मिली कि दोनों नाबालिग जयपुर से मुंबई जाने वाली ट्रेन में सवार हैं जिसके बाद जवाहर नगर पुलिस और मानव तस्करी रोधी दस्ते ने संयुक्त अभियान चलाया और बुधवार की रात करीब 11 बजे उन्हें कोटा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि लड़की के बारे में वर्धा पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

## मनरेगा योजना अन्तर्गत अधिकाधिक लोगों को मिले रोजगार : चांदना

जयपुर/दक्षिण भारत। सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बूंदी जिले के सर्किट हाउस में बैठक लेकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चांदना ने ट्रांसफार्मरों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों और उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत ट्रांसफार्मर मिले, ताकि उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर प्राप्त करने में आमजन और किसानों को परेशानी नहीं आए, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले ट्रांसफार्मर में किसी तरह की तकनीकी खामी हो, तो उसे दुरूस्त कर उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान में पंचायत समिति हिंडोली व नैनवां में लगभग 5 हजार नरेगा श्रमिक ही नियोजित है, जिन्हें 15 दिवस में बढाकर हिंडोली व नैनवां में 25-25 हजार किया जावे।



# कांग्रेस सरकार को जनता चुनाव में सबक सिखाएगी : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार तथा पेपरलीक की घटनाओं को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जनता चुनाव में मौजूदा सरकार को सबक सिखाएगी। जोशी पार्टी की परिवर्तन यात्रा के दूदू पहुंचने पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के शासन में अब तक 19 बार पेपर लीक हुआ है, कांग्रेस का एक विधायक, सरकार के खनन मंत्री पर आरोप लगाता है, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

उन्होंने कहा, 'राजस्थान में कांग्रेस की झूठ और लूट की सरकार है, और राजस्थान की जनता इसे उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। राजस्थान में परिवर्तन होना तय है... भाजपा की सरकार बनना तय है।' जोशी ने कहा कि आज पूरा विश्व जी-20 में 'वसुधैव कुटुंबकम' स्लोगन पर गर्व महसूस कर रहा है जो सनातन धर्म की पहचान है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व भारत के नेतृत्व की तारीफ करता है, और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के गठबंधन सहयोगी सनातन धर्म को मिटाने की बात करते हैं।

# तीन बाल कैदी बाल सुधार गृह से भागे

जयपुर/दक्षिण भारत । जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र से बीती रात बाल सुधार गृह से तीन बाल कैदी बाथरूम की जाली तोड कर भाग गये। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात बाल सुधार गृह से तीन बाल कैदी बाथरूम की जाली तोड़कर भाग गये। भागे तीनों बाल कैदियों में से दो हत्या के मामले में और एक लूट मामले में बंद थे। उन्होंने बताया कि जिस समय इन बाल कैदियों ने अपराध को अंजाम दिया था उस समय नाबालिग थे इसलिये इन्हें बाल सुधार गृह में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बाल सुधार गृह के अधीक्षक की ओर से इस संबंध में बीती रात मामला दर्ज करवाया गया था और शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है उप्र : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है और सही मायने में कहा जाए तो राज्य अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।



मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को इंडियन स्टील एसोसिएशन की ओर से राजधानी के एक होटल में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतरीन वातावरण है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की है, इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों को सरकार की तरफ से हर तरह का सहयोग दिए जाने की बात भी कही। कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और आज प्रदेश में पर्व और त्योहारों में कोई दंगा-फसाद नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने एक लंबी छलांग लगाई है, आज निवेश मित्र के रूप में देश का सबसे बड़ा एकल खिड़की मंच उत्तर प्रदेश के पास है।

योगी ने कहा कि 25 सेक्टर की पॉलिसी उत्तर प्रदेश ने जारी की है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मॉनिटरिंग 'निवेश सारथी' पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने हवाई यात्रा की सुगमता की चर्चा करते कहा कि आज प्रदेश में हवाई संपर्क बेहतर हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत तक हम लोग 10 नए हवाई अड्डों को क्रियाशील कर देंगे, जिनमें अयोध्या और जेवर दो नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे।

योगी ने कहा कि बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से सबसे विपन्न क्षेत्र माना जाता था। आज यह क्षेत्र भी एक्सप्रेसवे से जुड़ चुका है। अब पांच घंटे में दिल्ली से चित्रकूट की यात्रा कर सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है, जिसे हम 2025 तक पूरा कर लेंगे।

## हिमंत की पत्नी के खिलाफ आरोपों को लेकर असम विधानसभा में हंगामा

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी से जुड़ी एक कंपनी को सरकारी सब्सिडी दिये जाने के आरोप पर चर्चा की मांग को लेकर शुक्रवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। बाद में विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन से पूछा कि क्या रिंकी भुइयां शर्मा को कलियाबोर क्षेत्र में राज्य सरकार की 'वसुंधरा' योजना के तहत जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने यह सवाल भी किया कि भूमि आवंटित करने के लिए कौन से दस्तावेज जमा कराये गए थे जिससे संबंधित कंपनी को कथित तौर पर केंद्रीय सब्सिडी प्राप्त हुई थी।

विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी ने कहा कि यह मामला पुरकायस्थ द्वारा सूचीबद्ध मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है और मुख्यमंत्री सदन में मौजूद नहीं हैं। हालांकि, पुरकायस्थ अपने सवाल पर अड़े रहे और इस दौरान कई मंत्री अपने स्थान पर खड़े हो गए और विपक्षी सदस्यों के खिलाफ टिप्पणी करने लगे।



## लोकसभा चुनाव सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक सभ्यतागत लड़ाई है: असम के मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनावों को सभ्यता की लड़ाई करार दिया, जिसमें देश के लोग सनातन धर्म की रक्षा के लिए मतदान करेंगे।

पटना हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी के नेता ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को हमारी सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने के एकमात्र इरादे से गठित किये जाने का आरोप लगाया। शर्मा नालंदा जिले में आयोजित भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के समारोह 'वैशाली फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी' में हिस्सा लेने के लिए बिहार में हैं। इस आयोजन में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भी शामिल थीं। कांग्रेस छोड़कर 2014 में भाजपा का दामन थामने वाले असम के मुख्यमंत्री 'सनातन धर्म विवाद' से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक नेता की एक विवादास्पद टिप्पणी के बाद यह विवाद शुरू हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बृहस्पतिवार को इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। शर्मा ने कहा, सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी से पता चलता है कि (विपक्ष का) गठबंधन हमारी सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने के इरादे से बनाया गया है। इसलिए, मैं लोकसभा चुनाव को एक सभ्यतागत लड़ाई के रूप में देखता हूं जिसमें देश के लोग सनातन धर्म की रक्षा के लिए भाग लेंगे।

## उप्र में जमीनी विवाद के चलते तीन लोगों की हत्या, ग्रामीणों ने कई झोपड़ियों में लगाई आग

**कौशांबी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दलित परिवार के तीन लोगों की कथित रूप से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस तिहरे हत्याकांड में मृतक होरीलाल के बेटे सुभाष कुमार की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव की कई झोपड़ियों में आग लगा दी है।

तिहरे हत्याकांड की खबर मिलने पर प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर, रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्र प्रकाश, प्रयागराज मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि ककराबाद गांव निवासी शिवशरण (30) की संदीपन घाट थाना क्षेत्र के छबीले पुर गांव में ससुराल थी और उसने तीन वर्ष पूर्व ससुराल के निकट स्थित पंडा चौराहे के पास जमीन खरीदी थी, जहां वह पत्नी बृजकली (25)के साथ रहता था। उसने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने बृहस्पतिवार रात घर में सो रहे शिवशरण, उसकी पत्नी और उसके ससुर होरीलाल(60) की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण पुलिस को मृतकों के शव नहीं ले जाने दे रहे थे, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव अपने कब्जे में लिए। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पत्रकारों के नहीं, राहुल गांधी के बहिष्कार से होगा कांग्रेस का भला : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विभिन्न समाचार चैनलों के 14 एंकर का बहिष्कार करने के विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' के फैसले को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मीडिया या किसी अन्य संस्थान से दूर रहने से उसे कोई फायदा नहीं होगा बल्कि वह राहुल गांधी का बहिष्कार करे तो पार्टी को फायदा हो सकता है क्योंकि उनके पास ताकत नहीं है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि भारत में ऐसी कोई संस्था नहीं है जिस पर इस विपक्षी गठबंधन ने हमला नहीं किया हो, चाहे वह निर्वाचन आयोग हो या अदालतें। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं अपना काम बखूबी कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जिसे कांग्रेस को अपने फायदे के लिए बहिष्कार करना चाहिए तो उनका नाम राहुल



गांधी है... आपके नेता के पास ताकत नहीं है। आप किन-किन लोगों का बहिष्कार करेंगे? अगर आपको बहिष्कार करना है और आगे बढ़ना है, तो अपने नेता का बहिष्कार करें।''

पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता मोहब्बत की बात करते हैं लेकिन नफरत बेचते हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने पूछा कि विपक्षी गठबंधन जिन पत्रकारों का बहिष्कार करेगा, क्या वे उसके निशाने पर हैं और क्या यह संकेत है कि उन पर आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर इन दलों के सदस्यों सहित कुछ लोग उन्हें निशाना बनाते हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज और नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला द्वारा पाकिस्तान के साथ वार्ता की वकालत किए जाने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए पात्रा ने कहा कि यह टिप्पणी कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मियों की शहादत के तुरंत बाद आई है। उन्होंने कांग्रेस नेता की निंदा करते हुए कहा कि सोज ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के दिमाग को समझने की कोशिश करने को कहा है। पात्रा ने सोज के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

पात्रा ने अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए जवाहरलाल नेहरू द्वारा लाए गए पहले संशोधन, इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल और राजीव गांधी द्वारा प्रस्तावित मानहानि कानून का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस का मीडिया के पीछे पड़ने का इतिहास रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, जबकि बिहार के मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता चंद्रशेखर ने रामचरितमानस को निशाना बनाया।

## मणिपुर हिंसा: पिछले चार महीने में 175 लोगों की मौत, 1100 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इम्फाल/भाषा।** मणिपुर में मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 175 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 1108 लोग घायल हुए हैं और 32 लोग लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हिंसा में कुल 4,786 मकानों को आग के हवाले किया गया और 386 धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) आई के मुइवा ने कहा, ''मणिपुर इस समय जिस चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है, ऐसे में हम आपको भरोसा दिला सकते हैं कि केंद्रीय बल, पुलिस और नगर निकाय प्रशासन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है।'' मुइवा ने बृहस्पतिवार को बताया कि जो हथियार ''खोए'' थे, उनमें से 1,359 आग्नेयास्त्र और 15,050 गोला-बारूद बरामद कर लिए गए हैं। हिंसा के दौरान कथित तौर पर दंगाइयों ने बड़ी संख्या में पुलिस के हथियार और गोला-बारूद लूट लिए थे।

मुइवा ने बताया कि इस दौरान आगजनी के कम से कम 5,172 मामले दर्ज किए गए और 254 गिरजाघर एवं 132 मंदिर समेत 386 धार्मिक स्थलों में तोड़-फोड़ की गई। पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) के. जयंत ने बताया कि मारे गए 175 लोगों में से नौ की अब भी पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, ''79 शवों के परिजन का पता चल गया है जबकि 96 शव लावारिस हैं। इम्फाल स्थित रिम्स (क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान) और जेनीएमएस (जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान) में क्रमशः 28 और 26 शव रखे हैं, 42 शव चुराचांदपुर अस्पताल में हैं।''

जयंत ने बताया कि 9,332 मामले दर्ज किए गए और 325 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (जोन-3) निशित उज्ज्वल ने बताया कि एनएच-32 और एनएच-2 सामान्य रूप से चालू हैं। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी।

मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। नगा और कुकी 40 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं और पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

### पौधरोपण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ शनिवार को मध्य प्रदेश के भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के परिसर में पौधारोपण करते हुए।

## बिहार के मंत्री ने रामचरितमानस के बारे में की विवादित टिप्पणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने यह दावा करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है कि रामचरितमानस जैसे प्राचीन ग्रंथों में इतने हानिकारक तत्व हैं कि उनकी तुलना ''पोटेशियम साइनाइड'' से की जा सकती है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने बृहस्पतिवार देर रात एक कार्यक्रम में इस आशय की टिप्पणी की, जिसका एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आया है।

मंत्री ने कहा, ''यह सिर्फ मेरा विचार नहीं है, बल्कि हिंदी के बड़े लेखक नागार्जुन और समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया ने भी कहा है कि रामचरितमानस में कई प्रतिगामी विचार हैं।''

मंत्री की इसी तरह की टिप्पणियों से इस साल की शुरुआत में विवाद पैदा हुआ था।

चंद्रशेखर ने स्वीकार किया, ''शास्त्रों में बहुत सी महान बातें हैं'' लेकिन ''अगर किसी दावत में पोटेशियम साइनाइड छिड़ककर 55 व्यंजन परोसे जाते हैं, तो भोजन खाने लायक नहीं रह जाता।'' राजद नेता ने आरोप



लगाया कि जातिगत भेदभाव के बारे में उनकी टिप्पणियों के बाद उन्हें अपशब्द कहे गए और हमले की धमकियां भी मिलीं, लेकिन जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने इसी तरह की चिंता व्यक्त की तो किसी को कोई समस्या नहीं हुई।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जाति जनगणना समतावादी समाज बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है जिसमें गटर की सफाई जैसे कार्यों में शामिल लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित किया गया। हालांकि, राजद के वरिष्ठ नेता को सहयोगी दल जनता दल (यूनाइटेड) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना का सामना करना पड़ा, जबकि उनकी अपनी पार्टी ने उनकी टिप्पणियों से खुद को दूर रखने की कोशिश की।

## मिजोरम वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहा है, केंद्र पर 3,500 करोड़ रुपये बकाया : जोरामथांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथांगा ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार वित्तीय बाधाओं के कारण अपनी मर्जी के अनुसार काम नहीं कर सकती क्योंकि उसे केंद्र से मिलने वाली 3,500 करोड़ रुपये की निधि अभी बकाया है।



आइजोल में मिजोरम इंजीनियर सर्विस एसोसिएशन (एमईएसए) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जोरामथांगा ने कहा कि केंद्र सरकार महामारी के कारण पिछले तीन वर्ष में राज्य को 3,500 करोड़ रुपये की निधि मुहैया नहीं करा पायी है। उन्होंने कहा, ''इन समस्याओं और बधाओं के कारण हम वह नहीं कर सकते हैं जो हम चाहते हैं और नई भर्ती भी नहीं कर सकते। हमें आपके सहयोग की आवश्यकता है क्योंकि हम कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिसकी हमने उम्मीद नहीं की थी।''

जोरामथांगा ने कहा कि उनकी सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। मिजोरम में प्राकृतिक संसाधनों का भंडार है और उसकी जलवायु अच्छी है। उन्होंने अभियंताओं से राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का अनुरोध किया।

## स्पेन की कपड़ा कंपनी दिसंबर से बंगाल में उत्पादन शुरू करेगी: ममता बनर्जी



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि स्पेन स्थित कपड़ा कंपनी टेम्पे ग्रुपो इंडीटेक्स (ज़ारा) के क्रिसमस से पहले राज्य में उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अभी स्पेन की 12 दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा, '' राज्य सरकार कंपनी को अन्य सभी सहायता के अलावा रियायती दाम पर 100 एकड़ जमीन भी उपलब्ध कराएगी।'' बनर्जी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' कपड़ा उद्योग की प्रमुख कंपनी टेम्पे ग्रुपो इंडिटेक्स (ज़ारा) अपने परिचालन का विस्तार कर रही है।

## वनडे में 2000 रन और 200 विकेट का 'डबल' बनाने वाले दूसरे भारतीय बने जडेजा

**कोलंबो/भाषा।** ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2,000 से अधिक रन और 200 या इससे अधिक विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के 14वें क्रिकेटर बन गए हैं।

अपना 182वां मैच खेल रहे जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान शमीम हुसैन को आउट करके वनडे में अपने 200 विकेट पूरे किए। क्रिकेट के इस प्रारूप में उनके नाम पर 2578 रन दर्ज हैं।

जडेजा से पहले भारत की तरफ से यह उपलब्धि महान ऑलराउंडर कपिल देव ने हासिल की थी। उन्होंने 225 मैचों में 3783 रन बनाने के अलावा 253 विकेट भी लिए थे। जडेजा



वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले (337 विकेट), जवागल श्रीनाथ (315), अजित आगरकर (288), जहीर खान (282), हरभजन सिंह (269) और कपिल देव (253) इस मुकाम पर पहुंचे थे।

## डविस कप खेलने की उत्सुकता नहीं रही, यह किसी अन्य टूर्नामेंट की तरह हो गया है: बोपन्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना देश के लिए खेलते समय दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति के साथ तालमेल बनाने के लिए अपनी शैली में बदलाव से पीछे नहीं हटे लेकिन उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि समय के साथ डेविस कप खेलने का उत्साह कम हो रहा है।

बोपन्ना को पिछली पीढ़ियों के खिलाड़ियों की तुलना में मौजूदा खिलाड़ी डेविस कप खेलने के प्रति उतने उत्साहित नहीं लगते। रविवार को अपना आखिरी डेविस कप मुकाबला (मोरक्को के खिलाफ) खेलने की तैयारी कर रहे बोपन्ना ने कहा, '' यह मशीन की तरह हो गया है। आओ, खेलो और जाओ।'' उन्होंने निराशा भरे लहजे में कहा कि मौजूदा दौर के खिलाड़ियों के लिए डेविस कप किसी अन्य टूर्नामेंट की तरह हो गया है''

दूसरी तरफ, डेविस कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें रैंकिंग मायने नहीं रखेगी। इसमें टेनिस में कमजोर माने जाने वाले देश भी कभी-कभी दिग्गजों को मात देने में सफल हो जाते हैं। इस सफलता के लिए हालांकि टीम में एकता, योजना, वैकल्पिक खिलाड़ियों



की मौजूदगी जरूरी है। बोपन्ना ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, '' पहले टीम में शानदार माहौल हुआ करता था, जो पिछले कुछ वर्षों से नहीं दिख रहा है। हमें इसे वापस लाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''डेविस कप पूरी तरह से टीम में एक दूसरे को समझने, टीम के साथ समय बिताने, एक साथ रहने, हर किसी की एकजुटता के बारे में है। मुझे लगता है कि यह एक छोटी सी कड़ी है। एक सफल टीम बनाने के लिए हमें इसे वापस लाने की जरूरत है।''

बोपन्ना ने 2002 में पदार्पण किया था लेकिन उन्हें भी नहीं पता कि टीम इस स्थिति तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा, '' ऐसा होने का कोई खास कारण नहीं है। आप जानते है कि टूर (एटीपी) अलग तरह की प्रतियोगिता है और डेविस कप अलग है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि टेनिस का खेल किसी नौकरी की तरह हो गया है। मैं सिर्फ डेविस कप की बात नहीं कर रहा हूं लेकिन आम तौर पर हर कोई आता है, मैच खेलता है, चला जाता है। खिलाड़ी लगभग 30 सप्ताह तक लगातार यात्रा करते हैं, उनके पास अपना खुद का कोच, अपना फिजियो और सब कुछ होता है।''

उन्होंने कहा, ''जब मैं टीम में आया, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि किसके (खिलाड़ियों) क्या मतभेद हैं। ड्रेसिंग रूम में सब एकदूसरे का सम्मान करते थे। मुझे अब इन चीजों की कमी दिखती है।'' उन्होंने कहा, '' मौजूदा दौर में हर कोई केवल इस बात पर ध्यान दे कर रहा है कि उन्हें (अपने लिए) क्या करने की ज़रूरत है। वास्तव में यह पता नहीं लगा रहा है कि टीम के लिए सबसे अच्छा परिदृश्य क्या है।''

## रणतुंगा ने आईसीसी को आड़े हाथों लिया, विश्व संस्था को 'अधिकार विहीन' करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को आड़े हाथों लेते हुए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था को ' अधिकार विहीन' करार दिया जो सभी प्रमुख फैसले करने का अधिकार एक देश को देने के लिए तैयार है।



रणतुंगा ने व्यंगात्मक लहजे में कहा,'' आईसीसी अधिकार विहीन संस्था है। वह बेहद गैर पेशेवर तरीके से काम करती है। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी संस्था है जिसको क्रिकेट का बचाव करना चाहिए। क्रिकेट पर आईसीसी का नियंत्रण होना चाहिए किसी एक देश का नहीं।'' उन्होंने सवाल उठाने के लहजे में कहा, ''आप एशिया कप लें। टूर्नामेंट से पहले आपके पास नियम हैं, लेकिन उस एक मैच (भारत बनाम पाकिस्तान) से पहले, उन्होंने नियम बदल दिए। एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) कहां है? आईसीसी कहां है?'' उन्होंने कहा, ''मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर वे भारत-पाकिस्तान मैच (विश्व कप में) से पहले नियम बदल दें। आईसीसी अपना मुंह बंद रखेगी और कहेगी 'ठीक है, ऐसा करो'। आईसीसी सिर्फ बकवास करती है, उसके बस में कुछ नहीं है।'' एशिया कप में किसी मैच के लिए रिजर्व दिन नहीं था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में खेले गये सुपर फोर चरण के मैच के लिए रिजर्व दिन का प्रावधान जोड़ दिया गया था। इस मैच का नतीजा भी रिजर्व दिन पर निकला था। सिर्फ एक मैच के लिए रिजर्व दिन रखने के फैसले ने कई लोगों को निराश किया।किसी टूर्नामेंट के नियमों को एक या दो टीमों के अनुरूप बदलने से खेल खतरे में पड़ जाएगा ।

## सुविचार

**एक सपने के टूटकर चकनाचूर हो जाने के बाद, दूसरा सपना देखने के हौसले को ज़िन्दगी कहते हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# क्रूर अट्टहास

अमेरिका में भारतीय छात्रा जाह्नवी कांडुला की एक दुर्घटना में मौत के बाद पुलिस अधिकारी डेनियल ऑडरर का रवैया बेहद शर्मनाक है। इस व्यक्ति ने न केवल अमेरिकी मूल्यों को, बल्कि उनके साथ मानवता को भी शर्मसार कर दिया है। यह अधिकारी जाह्नवी की मौत के बारे में फोन पर चर्चा करते हुए जिस तरह हंस रहा था, वह किसी दरिंदगी से कम नहीं है। आखिर कोई व्यक्ति, वह भी पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ वरिष्ठ अधिकारी, किसी निर्दोष छात्रा की मौत पर इस तरह कैसे हंस सकता है? क्या यह वही अमेरिका है, जो अपने लोकतंत्र और उदारवाद पर गर्व करता है? डेनियल ऑडरर जैसे अधिकारियों को देखकर तो यही लगता है कि इनके बीच कहीं न कहीं एक क्रूर चेहरा भी मौजूद है, जो आमतौर पर सुप्त अवस्था में रहता है, लेकिन जब कभी अश्वेतों का मामला होता है, तो वह अचानक जाग उठता है। अमेरिका को अवसरों की भूमि कहा जाता है, जिसका संविधान किसी भी तरह के भेदभाव को नकारता है। इस देश ने बराक ओबामा को राष्ट्रपति बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की थी कि 'अब रंगभेद, नस्लभेद बीते दिनों की बातें हैं ... अमेरिका इनसे बहुत आगे बढ़ चुका है।' लेकिन आज भी उसके समाज में रंगभेद, नस्लभेद मौजूद हैं। ओबामा ही थे, जिन्होंने अमेरिकी बच्चों से कहा था कि पढ़ लो, वरना भारतीय आ जाएंगे! ओबामा जानते थे कि भारत के दूर-दराज के इलाकों से अमेरिका आकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी प्रतिभा और परिश्रम के धनी हैं। वे अभावों में पले-बढ़े हैं, इसलिए न तो परिश्रम से कतराते हैं और न कामकाज से जी चुराते हैं। इसका नतीजा है कि आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट समेत तमाम बड़ी कंपनियों के बड़े ओहदों पर भारतीय बैठे हैं। और तो और, जिस अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी नासा ने बड़े-बड़े कारनामों को अंजाम दिया है, उनके पीछे भी भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों का दिमाग है।

क्या अमेरिका में नस्लभेदी मानसिकता रखने वाले लोग इस बात से कुंठित हैं? डेनियल ऑडरर जिस अंदाज में कहकहे लगा रहा था, उससे तो यही प्रतीत होता है। उसके शब्द थे - 'छब्बीस साल की लड़की थी। अमेरिकी नहीं थी। भारत से आई थी। उसकी 'लिमिटेड वैल्यू' थी।' क्या डेनियल यह कहना चाहता है कि अमेरिका के एक खास तबके के जीवन का ही 'मूल्य' है, बाकी सब 'मूल्यहीन' हैं? अगर आज अब्राहम लिंकन ज़िंदा होते तो इस अमेरिकी अधिकारी के शब्दों पर बहुत लज्जित होते और राष्ट्र को संबोधित कर नस्लभेद के पूर्णत: उन्मूलन का संकल्प लेते। डेनियल ऑडरर कोई पहला अधिकारी नहीं है, जो अपने नस्लभेदी रवैए के कारण सवालों के घेरे में आया है। इससे पहले जॉर्ज फ्लॉयड नामक अफ्रीकी-अमेरिकी शख्स के साथ पुलिस अधिकारियों ने बेरहमी का बर्ताव किया था। उस हत्याकांड के बाद अमेरिका में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था। कहा जाता है कि अमेरिकी पुलिस में ऐसे कई अधिकारी हैं, जो अश्वेतों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार नहीं करते। उनमें नस्लभेद भरा पड़ा है। इस आरोप को 'बुद्धिजीवियों' के एक वर्ग द्वारा यह कहकर खारिज किया जाता है कि कानून-व्यवस्था कायम रखने और अपराध नियंत्रण के लिए कुछ सख्ती दिखानी पड़ती है, भेदभाव कहीं नहीं है, लेकिन डेनियल ऑडरर का 'अट्टहास' उक्त आरोपों को मजबूत करता है। इस पुलिस अधिकारी की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। साथ ही यह पता लगाना चाहिए कि नस्लभेदी मानसिकता को ढोने वाले ऐसे और कितने अधिकारी व कर्मचारी हैं? अमेरिका ने ज्ञान-विज्ञान में बहुत प्रगति कर ली है। उसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शक्ति का लोहा मनवाया है। अब पुलिस सुधारों की ओर भी ध्यान दे। पुलिस अधिकारियों को यह सिखाए कि हर मनुष्य के जीवन का मूल्य 'अनंत' होता है, भले ही उसकी त्वचा का रंग कुछ भी हो।

## ट्वीटर टॉक



लोकतांत्रिक मूल्यों व भावनाओं को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर आइए सामाजिक सौहार्द व समरसता की शपथ दोहराएं। साथ ही संविधान के सम्मान, सुरक्षा व समृद्धि का प्रण लेकर हमारे लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं।

**-वसुंधरा राजे**



राजसमंद के नवनिर्मित ब्यावर जिले से हर वर्ष हज़ारों लोग नौकरी के लिए विदेश यात्राओं पर जाते हैं। क्षेत्र में पासपोर्ट कार्यालय नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए जयपुर, अजमेर जाना पडता है। जिसमें खर्च के कारण काफी असुविधा होती है।

**-दिया कुमारी**



भारत रत्न से सम्मानित महान राजनयिक व अभियंता डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन! उन सभी इंजीनियरों को जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। और प्रौद्योगिकी में योगदान दिया है। अभियंता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# आनंदमय जीवन



एक बार स्वामी विवेकानंद एक गांव में गये। उनके साथ सुशिक्षित युवकों का दल था। एक जगह एक आदमी किसी बालक को सूखे पत्ते बटोर कर दे रहा था और वह बालक उनको नदी में तैराते हुए ताली बजाकर नाच रहा था। बातचीत करने पर पता लगा कि यह बालक उस आदमी के खेत में मजदूर का बेटा है। विवेकानंद ने इस आचरण को देखकर उसी समय अपने दल के युवकों को समझाया कि देखो अमीरी-गरीबी कुछ नहीं होती है, हर एक को अपनी तरह से आनंद में होने, सामाजिक रहने का पूरा-पूरा हक़ है। स्वीकार्यता, सार्थकता, महानता की कोशिशें और दौड़ आदमी के मानसिक स्वास्थ्य को खराब करके उसको नुकसान पहुंचा देती है। इसलिए जो कुछ भी करके खुश हैं, सहज और नि:स्वार्थ भाव से काम करके, बिना किसी को दुख पहुंचाएं, सब सफल हैं, सब सार्थक हैं। यह एक महान संदेश था।

## सामयिक

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान' का उल्टा असर बिहार में!

**अशोक भाटिया**

**मोबाइल : 9221232130**



भारत में सदियों से महिलाओं को शिक्षा एवं समाज में बराबरी के अधिकार से वंचित रखा गया था पर आज संवैधानिक अधिकार के तहत भारत की लाखों बेटियों ने अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में कामयाब हुई तब जाकर सरकार ने भी लोगों को जागरूक करने हेतु बचाओ बेटी, पढ़ाओ अभियान का संचालन प्रारंभ किया और शिक्षा ही एकमात्र ऐसा शस्त्र है जिसके बल पर संपूर्ण विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जा सकता है। इसलिए इस अभियान का नाम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान' रखा गया है। पर इस समय बिहार में बेटी न मार से न बच रहीं है न पढ़ पा रही है। सोचिए, जिस देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की मुहिम चल रही हो, जिस देश की बेटियां दुनिया में नाम रौशन कर रही हों, जिस देश की बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हों, जिस देश की महिला वैज्ञानिक चन्द्रयान को चांद पर पहुंचा रही हों, उस देश में अगर बेटियों को अपनी पढ़ाई के अधिकार के लिए सड़क पर आना पड़े, तो इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है?

हाल ही में बिहार के वैशाली जिले से बहुत ही शर्मनाक घटना सामने आई है। टी वी व बिहार के स्थानीय समाचार पत्रों में आ रही ख़बरों के अनुसार वैशाली जिले में गर्ल्स हाई स्कूल मनहार की छात्राओं ने शाला में बैठने की की बहुत खराब व्यवस्था है जिसको लेकर वहां की छात्राओं जमकर हंगामा किया। इस दौरान नाराज छात्राओं ने नारेबाजी की और एक सरकारी वाहन पर पथराव किया। हालांकि वाहन में कोई बैठा नहीं था। छात्राओं के हंगामें को लेकर महनार के एसडीओ ने कहा कि स्कूल में क्षमता से अधिक छात्राओं का प्रवेश हुआ है। इस संबंध में बताया गया कि उच्च विद्यालय महनार बालिका की छात्राएं लगातार विद्यालय आ रही हैं, लेकिन विद्यालय में छात्राओं का नामांकन अधिक होने और उनके बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। विद्यालय में 2080 छात्राओं का नामांकन है, जबकि 600 से 700 छात्राओं के ही बैठने की व्यवस्था है। शिक्षा विभाग की ओर से छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य करने के कारण छात्राएं भारी संख्या में विद्यालय पहुंच रही हैं। इसके कारण उन्हें बैठने तक की जगह नहीं मिल पाती है। प्रत्येक दिन लगभग यही स्थिति बनती है।

इन्हीं सब बातों से आक्रोशित छात्राओं ने गुरुवार को शिक्षा विभाग के विरुद्ध बगावत करते हुए विद्यालय के सामने सड़क पर निकाल कर हाजीपुर-महनार एनएच 122 बी को जाम कर दिया था। सड़क जाम करने के बाद कुछ छात्राएं मदन चौक पर आ गई और यहां भी उन्होंने सड़क को जाम कर दिया, जिससे पूरे बाजार में अपरा-तफरी की स्थिति बन गई। मदन चौक से लेकर विद्यालय तक का इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। सड़क जाम कई घंटों तक चला। आक्रोशित छात्र-छात्राओं का कहना था कि जब विद्यालय में बैठने की जगह ही नहीं है तो ऐसे में इस आदेश के आलोक में वह विद्यालय आएंगे तो बैठेंगे कहां। सरकार को चाहिए कि पहले वह विद्यालय में बैठने की व्यवस्था करें बाद वह इस प्रकार के आदेशों को निकाले। छात्राओं में सरकार के 75 प्रतिशत उपस्थित को अनिवार्य बनाने को लेकर भारी आक्रोश नजर आया। छात्राओं ने यह भी कहा कि वह दूर दराज के क्षेत्र से काफी परेशानियों का सामना कर स्कूल पहुंचती हैं, लेकिन यहां बैठने का जगह उन्हें नहीं मिल पाता है, जिससे उनकी पढ़ाई भी नहीं होती और उन्हें परेशान होना पड़ता है। इन छात्र-छात्राओं का दर्द, उनका गुस्सा, उनकी पीड़ा, उनकी तड़प देखकर हर कोई चौंक रहा है। स्कूलों में बेहोश होकर गिरतीं छात्राओं को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो हो रहे है। स्कूलों का हाल इतना बुरा है कि आप कल्पना भी नहीं कर सकते। जहां स्कूल है, वहां क्लासरूम नहीं है। अगर कहीं क्लासरूम है, तो वहां शिक्षक नहीं है। क्या आप सोच सकते हैं कि एक-एक क्लास रूम में 200 बच्चों को भर दिया जाए? गणित, विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, भूगोल, हिन्दी, उर्दू, सारे विषयों के छात्र एक ही क्लासरूम में एक साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं और स्कूल में एकमात्र शिक्षक सिर्फ जीवविज्ञान का है।

बिहार के सरकारी स्कूलों की ये बेहाली, ये बेबसी केवल सामने नहीं आई है और न ही बात सिर्फ एक दो जिले की है, वैशाली, जहानाबाद, गोपालगंज, हाजीपुर और औरंगाबाद जैसे कई जिलों से से सरकारी स्कूलों का जो कड़वा सच सामने आया, वो रोंगटे खड़े करने वाला है। आप बिहार की बेटियों की बात सुनेंगे तो आपको गुस्सा भी आएगा और दुख भी होगा। स्कूल की लड़कियों के इतने उग्र प्रदर्शन के बाद बिहार के स्कूलों की हालत पर चर्चा शुरू हो गई, लेकिन सवाल ये उठा कि लड़कियों ने सिर्फ प्रोटेस्ट किया। क्या वाकई में स्कूल की हालत ऐसी है कि लड़कियों को पथराव करना पड़ा? इसकी हकीकत जानने के लिए अख़बार के संवाददाता जब वैशाली के महनार इलाके के उसी स्कूल में गए जहां की छात्राओं ने प्रोटेस्ट किया था। जिस वक्त अख़बार के संवाददाता इस स्कूल में पहुंचे, उस वक्त भी कई लड़कियां चक्कर खाकर गिरीं। स्कूल के शिक्षक उन्हें इलैक्ट्राल पिलाने की कोशिश कर रहे थे। स्कूल में अफरातफरी का माहौल था। जिस क्लास में पचास लड़कियों के बैठने का इंतजाम था, उस क्लास में दो सौ से ज्यादा लड़कियां बैठी थी। जिस डेस्क पर तीन लड़कियों के बैठने की जगह होती है।, उसमें छह से सात लड़कियों को बैठाया गया था। क्लासरूम में जबरदस्त गर्मी और उमस थी। पंखे चल रहे थे, लेकिन लड़कियों के कपड़े पसीने से भीगे हुए थे। ज्यादा हैरानी की बात ये थी कि जितनी लड़कियां क्लासरूम में थी, उतनी ही लड़कियां क्लासरूम के बाहर थीं क्योंकि क्लास में बैठने की जगह ही नहीं थी। लड़कियों बताती है कि वो सिर्फ अटेंडेस लगाने के लिए स्कूल आ रही हैं। स्कूल में न पढ़ाई होती है, न कोई सुविधा है और स्कूल से कई लड़कियां रोज अस्पताल पहुंच रही हैं। स्कूल के शिक्षक ने बताते है कि आज ही छह लड़कियां गर्मी के कारण बेहोश चुकी हैं। वैशाली के इस सरकारी गर्ल्स स्कूल में 2083 स्टूडेंट्स के नाम हैं। लेकिन इतनी लड़कियों के बैठने का इंतजाम कभी किया ही नहीं गया। अब लड़कियों की अटेंडेंस बढ़ गई तो स्कूल के प्रिसींपल ने लड़कियों को बैठाने का एक नया तरीका निकाला। एक ही क्लासरूम को दो हिस्से में बांटकर दो अलग-अलग क्लास के स्टूडेंट्स को एकसाथ बैठा दिया।

सोचिए जिस क्लास में एक तरफ नौवीं में पढ़ने वाली लड़कियों को गणित पढ़ाई जा रही हो, उसी क्लास में दूसरी तरफ ग्यारहवीं में पढ़ने वाली लड़कियां जीवविज्ञान की पढ़ाई कर रही हों, तो पढ़ाई कैसे होती होगी? लेकिन बच्चियों के हाथ में कुछ नहीं है, वो मजबूर हैं क्योंकि अटेंडेंस जरूरी है और इम्तेहान देकर पास भी होना है। स्कूल के शिक्षक भी मानते है कि स्कूल की हालत खराब है, बच्चों की संख्या ज्यादा है, गर्मी बढ़ती है तो कोई न कोई बच्ची बेहोश हो जाती है। इस स्कूल में सिर्फ क्लासरूम में ही नहीं, कॉरिडोर में भी कक्षाएं चलती है और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि अर्थशास्त्र की कक्षा में इतिहास, राजनीति विज्ञान, और दूसरे विषय की लड़कियां भी बैठी हैं, क्योंकि उनके बैठने के लिए कोई और जगह नहीं है। ग्यारहवीं की जिस कक्षा में सिर्फ पांच लड़कियां अर्थशास्त्र की हैं, वहीं उससे दस गुना लड़कियां दूसरे विषयों की बैठी हैं। शिक्षकों का मानना है कि वो क्या करें, मजबूर हैं।

जब प्रशासन को ये पता लगा कि मीडिया की टीम महनार के सरकारी स्कूल में पहुंची है, तो शिक्षा विभाग के अफसर दौड़ते भागते स्कूल पहुंचे, हालात का जायजा लिया, फिर ये तय किया गया कि स्कूल को दो शिफ्ट में चलाया जाएगा। कुछ क्लास की छात्राओं को सुबह की शिफ्ट में बुलाया जाएगा, कुछ को दोपहर की शिफ्ट में, लेकिन इस फैसले पर लड़कियों ने आपत्ति जताई। कहा, वो दूर दूर से पैदल चल कर या साइकिल से स्कूल आती हैं, इतनी गर्मी में, उमस में, दोपहर के वक्त साइकिल से स्कूल आना मुश्किल है। जब तमाम लड़कियों ने दो शिफ्ट का विरोध किया तो ये तय हुआ कि फिलहाल नौवीं की क्लास को सस्पेंड रखा जाए। कुछ दिनों तक नौवीं की क्लास नहीं होगी। नौवीं के तीन सेक्शंस के बच्चों को छुट्टी दे दी गई लेकिन लड़कियों ने इसका भी विरोध किया। कहा, कि अगर स्कूल में छात्राएं ज्यादा हैं, क्लासरूम में बैठने की जगह नहीं है, तो ये उनकी गलती नहीं है। उन्हें इसकी सज़ा क्यों दी जा रही है?उनकी पढ़ाई का नुकसान क्यों किया जा रहा है? अगर अटेंडेंस कम होगी तो परीक्षा देने से रोकेंगे। अगर अटेंडेंस में छूट भी दे दी तो बिना पढ़े वो परीक्षा कैसे देंगी? कुछ अख़बारों का मानना है कि अपने हक़ के लिए हंगामा मचाने वाली लड़कियों पर कानूनी कार्यवाही भी हो सकती है।

## मुद्दा

# प्रधानमंत्री पद के लिए सियासी बिसात बिछनी शुरू

**बाल मुकुंद ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पीएम फेस को लेकर इंडिया गठबंधन में सियासी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। एनडीए के खिलाफ बने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा इसे लेकर अलग अलग तरह के दावे किए जाते रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भी कहा जाता है कि वे पीएम पद के सबसे उपयुक्त दावेदार है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के घटक दलों ने अपने अपने नेता के पक्ष में पीएम पद की दावेदारी शुरू कर दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नानुकुर के बाद उनके दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्लन सिंह ने अपने नेता के पक्ष में धुंआधार बल्लेबाज़ी शुरू कर दी है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सीएम नीतीश कुमार को लेकर सोमवार को एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में नीतीश कुमार की जमकर तारीफ कर रहे हैं और ये कहते नजर आ रहे हैं कि आप सभी ने एक ऐसा नेता इस देश को, बिहार को दिया है जो बिहार का नेतृत्व तो कर ही रहे हैं, इसके अलावा आज पूरे देश का नेतृत्व करने के लिए खड़ा है। इस पर ठगऊ का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने की काबिलियत है। आरजेडी प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि ललन सिंह ने सही कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में देश का नेतृत्व करने की क्षमता है। दूसरी तरफ कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन की विभिन्न पार्टियां अपने अपने नेता को पीएम कैंडिडेट बनाने की मांग करने लगे है। कांग्रेस चाहती है राहुल गाँधी पीएम फेस बने। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने के लिए प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की अपील की है। वहीं ममता बनर्जी, केजरीवाल, नीतीश से लेकर अखिलेश यादव तक को पीएम उम्मीदवार बनाने की मांग उठ रही है। फ़िलहाल सीटों के आवंटन को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। विपक्ष के गठबंधन में पीएम पद की कुर्सी के दावेदारों की लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जिसके पास सबसे ज़्यादा सीट होंगी, उस पार्टी का नेता ही पीएम बनेगा। ऐसे में विपक्ष के गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिरकार वो अगले लोकसभा चुनावों में पीएम मोदी के सामने किसे मैदान में उतारेंगे? लेकिन अब तक कोई नाम सामने नहीं आया है। आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल को विपक्षी गठबंधन का पीएम उम्मीदवार बनाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी गठबंधन की ओर से पीएम उम्मीदवार बनें। आप दिल्ली के संयोजक व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा ''हर पार्टी के पदाधिकारी चाहते हैं कि उनके मुखिया प्रधानमंत्री हों। हम भी चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि, इसका फैसला आईएनडीआईए द्वारा लिया जाएगा।' समजवादी पार्टी कह रही है अगर अखिलेश यादव प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी होते हैं तो गठबंधन और देश के विकास के लिये बेहतर होगा। सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा है कि मैं चाहती हूं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीएम पद के उम्मीदवार बनें।

## चिंतन

# ओजोन परत के बिना समाप्त हो जाएगा पृथ्वी पर जीवन

**योगेश कुमार गोयल**

**मोबाइल : 9034304041.**

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' अर्थात 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना'।



आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है।

निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अंतरराष्ट्रीय समितियों में 10 प्रतिशत से भी कम भारतीय महिलाएं मध्यस्थ की भूमिका में हैं : प्रधान न्यायाधीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने इस बात पर अफसोस जताया है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समितियों में सभी भारतीय मध्यस्थों में से 10 प्रतिशत से भी कम महिलाएं हैं और इस स्थिति को विविधता का विरोधाभास करार दिया। प्रधान न्यायाधीश बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) दक्षिण एशिया सम्मेलन, 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस तथ्य की सराहना की कि अब विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ संस्थानों ने क्षेत्रीय रूप से मध्यस्थों की विविध समितियां तैयार की हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि, इन समितियों लैंगिक ढांचे को नजरअंदाज करना मुश्किल है। हम उस चीज का सामना कर रहे हैं जिसे विविधता का विरोधाभास कहा जाता है यानी हमारे घोषित उद्देश्यों और वास्तविक नियुक्तियों के बीच मेल नहीं है।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थागत समितियों में सभी भारतीय मध्यस्थों में से 10 प्रतिशत से भी कम महिलाएं हैं। उन्होंने लैंगिक विविधता पर एक रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि इससे पता चला है कि 'अनजान पूर्वाग्रह' इस लैंगिक असमानता में योगदान दे रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि देशों को अन्य देशों और वहां के लोगों, व्यवसायों तथा कानूनी प्रणालियों की सफलताओं और जिन कठिनाइयों का उन्हें सामना करना पड़ा है, उनसे सीखना चाहिए।

उन्होंने कहा, इस सम्मेलन में यह और भी अधिक संभव है क्योंकि दक्षिण एशियाई देशों में बहुत कुछ समान है – हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवस्था में कई समानताएं निस्संदेह हमारी व्यावसायिक प्रथाओं और कानूनी प्रणालियों में व्याप्त हैं। खासकर डिजिटल युग में... हमारी अर्थव्यवस्थाएं भी आपस में जुड़ी हुई हैं।

उन्होंने न्यायिक शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए पिछले सप्ताह भारत और सिंगापुर के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे कानूनी ढांचे को डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ विकसित होना चाहिए।

प्रदर्शन



ओडिशा सरपंच महासंघ (ओएसएम-सीधे निर्वाचित प्रतिनिधि) के सदस्य शुक्रवार को भुवनेश्वर में अपनी 15 पोनिट चार्टर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

# श्री श्री रविशंकर ने जी20 अध्यक्षता के लिए भारत की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना करते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन में संयुक्त बयान को लेकर सफलता हासिल करना अत्यंत कठिन था और यह टकराव में शामिल पक्षों के मार्गदर्शन, उन्हें संभालने और समान दृष्टिकोण पर लाने के भारत के कौशल को दर्शाता है। रविशंकर ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी



मिशन द्वारा आयोजित एक विशेष सत्र 'डिस्कोर्स ऑन पीस' में मुख्य भाषण दिया। 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक रविशंकर ने भारत की अध्यक्षता में हाल में दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते लोगों और राष्ट्रों के बीच संवाद के महत्व को रेखांकित किया। अगर भारत जी20 के माध्यम से वार्ता कर सकता है और प्रधानमंत्री मोदी से एक प्रस्ताव पेश करा सकता है, तो यह बहुत कुछ प्रदर्शित करता है। यह इन सभी परस्पर-विरोधी ताकतों के मार्गदर्शन, उन्हें समझने तथा एक साझे दृष्टिकोण पर राजी करने का कौशल है।

# अंतरिक्ष भारत-अमेरिका सहयोग के लिए अगला क्षेत्र है: संधू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में और अधिक विस्तारित करने की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए शुक्रवार को कहा कि यह स्वाभाविक है कि दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अपने मौजूदा अंतरिक्ष सहयोग को और विस्तृत करें और इस क्षेत्र में मिलकर काम करना जारी रखें। संधू ने समाचार पत्रिका 'वाशिंगटन एग्जामिनर' में एक आलेख लिखा है। उन्होंने लिखा है, भारत और अमेरिका, दोनों दुनिया भर के विकासशील देशों को अंतरिक्ष-संबंधित ऐप्लिकेशन और सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कर सकते हैं।

उन्होंने लिखा, वास्तव में, भारत पहले से ही ऐसे देशों को जंगल की आग का पता लगाने, सौर ऊर्जा गणना, मौसम संबंधी डेटा और आपदा प्रबंधन सहायता जैसी सेवाएं प्रदान करता है, जबकि नासा, अपने पृथ्वी अवलोकन (ईओ) डेटा और अन्य पहलों के माध्यम से दुनिया के कई हिस्सों में एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) की दिशा में प्रगति में सहायता मुहैया कराने में अग्रणी रहा है। हम साथ मिलकर, हम बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं।

'अंतरिक्ष भारत-अमेरिका सहयोग के लिए अगला क्षेत्र है' शीर्षक वाले अपने आलेख में, राजदूत संधू ने लिखा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि चंद्रमा मिशन सिर्फ भारत का नहीं बल्कि पूरी मानवता की सफलता है। उन्होंने लिखा कि समावेश की यह भावना भारत-अमेरिका संबंधों को भी संचालित करती है, जिसे दोनों देशों के नेताओं ने वैश्विक भलाई के लिए साझेदारी बताया है। संधू ने लिखा, सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा तक, हरित ऊर्जा से लेकर महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों तक, हमारा सहयोग हर कल्पनीय मानव प्रयास को छूता है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि हम अपने मौजूदा अंतरिक्ष सहयोग को और गहरा करें और इस मोर्चे पर मिलकर काम करना जारी रखें। वास्तव में, जब भारत और अमेरिका एकसाथ आते हैं, तो संभावनाओं की कोई सीमा नहीं है। जून 2023 में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच शिखर बैठक के बाद, इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) और अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग का पता लगाने की प्रतिबद्धता जतायी है।

चंद्रयान-3 द्वारा भेजे जा रहे डेटा से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को समझने में मदद मिलेगी, जहां यह कल्पना की गई है कि चंद्रमा पर अगले अंतरिक्ष यात्री उतर सकते हैं। भारतीय दूत ने लिखा, वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र संभावनाओं से भरा एक और क्षेत्र है और भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या वर्ष 2020 में केवल चार से बढ़कर आज 150 से अधिक हो गई है।

संधू ने कहा कि 2023 की भारतीय अंतरिक्ष नीति ने भारतीय और अमेरिकी निजी क्षेत्र के भागीदारों के बीच उद्योग, निवेश और अनुसंधान सहयोग के रास्ते खोल दिए हैं।

जांच



कोझिकोड में शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) की केरल इकाई के वैज्ञानिक डॉ बाला सुब्रमण्यम के नेतृत्व वाली केंद्रीय टीम कुट्टियाडी इलाकों में उन स्थानों की जांच कर रही है, जहां निपाह वायरस के कारण पहले पीड़ित की मौत हुई थी।

# 'ज्यूकबॉक्स' पर लता मंगेशकर, आशा भोंसले के गाने सुनकर बड़ा हुआ हूं'

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। लोकप्रिय गायक-गीतकार अली कैंपबेल का कहना है कि वह प्रतिष्ठित पार्श्व गायिका लता मंगेशकर और आशा भोंसले के गाने सुन-सुनकर बड़े हुए हैं, क्योंकि ब्रिटिश शहर बर्मिंघम के कैफे में अक्सर हिंदी संगीत बजाया जाता है। इस साल के अंत में भारत दौरे पर आने वाले कैंपबेल ने कहा कि बर्मिंघम में ज्यादातर जमैका, वेस्ट इंडीज, भारत और पाकिस्तान के प्रवासी हैं और जब वह छोटे थे तो हिंदी संगीत और रेगे (जमेकाई संगीत) बहुत लोकप्रिय थे।

लोकप्रिय ब्रिटिश रेगे-पॉप बैंड 'यूबी40' के पूर्व अग्रणी गायक ने फोन पर एक साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा' को बताया, यह उस तरह का सांस्कृतिक मिश्रण है, जिसमें पलकर मैं बड़ा हुआ हूं। संगीतकार कैंपबेल यूबी40 के साथ अपने 'द गोल्डीज' टूर के हिस्से के रूप में 25 अक्टूबर को दिल्ली, 27 अक्टूबर को मुंबई और 28 अक्टूबर को बेंगलुरु में संगीत कार्यक्रम आयोजित करने वाले हैं।

अली ने 2008 में यूबी40 समूह के प्रबंधन के साथ विवाद होने के बाद इस समूह को छोड़कर यह नया बैंड बनाया था। उन्होंने कहा, मैं बर्मिंघम जैसे प्रवासी क्षेत्र में पला-बढ़ा हूं जहां मुख्य रूप से जमैका, वेस्ट इंडियन, भारतीय और पाकिस्तानी रहते हैं। मुझे याद है कि मैंने बचपन में 'मदर इंडिया' और 'प्यासा' जैसी पुरानी भारतीय फिल्में देखी थी। हम लता मंगेशकर, आशा भोंसले, मोहम्मद रफी और अन्य बेहतरीन भारतीय गायकों को सुनने के आदी थे, क्योंकि ये गाने उन कैफे में ज्यूकबॉक्स पर बजते थे, जहां हमने अपनी युवावस्था बिताई थी।

ओजोन दिवस



पटना वीमेंस कॉलेज में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

# नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद



मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस नेहा पेंडसे, जो टीवी और फिल्म दोनों में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने एक बाल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा को याद किया और एक्टर सनी देओल से मिली प्रशंसा पर खुशी जाहिर की। नेहा 'मे आई कम इन मैडम' के नए एपिसोड में मैडम संजना के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरुआत की। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा: मैंने डीडी चैनल पर एक टीवी सीरियल के साथ बाल कलाकार के रूप में एक्टिंग करियर शुरू किया, और 'प्यार कोई खेल नहीं' में एक्टर सनी देओल के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। नेहा ने कहा, ''मेरे माता-पिता हमेशा आर्ट और एंटरटेनमेंट के प्रति गहरी समझ रखते हैं और यहीं से यह सब शुरू हुआ। उस युग के दौरान, बाल कलाकार अपेक्षाकृत सीमित थे, क्योंकि कई लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बच्चों को शामिल करना वर्जित मानते थे।'' उन्होंने कहा, मेरा डेस्टिनी पर भरोसा है। मुझे बाल कलाकार के रूप में कई शानदार प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। आगे बोलते हुए, नेहा ने विभिन्न कलाकारों के साथ काम करने के दौरान मिले समृद्ध अनुभवों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सनी देओल द्वारा मिली प्रशंसा को साझा किया। नेहा ने कहा, ''मैंने जिन प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया है उनमें से सनी देओल मेरे पसंदीदा में से एक हैं। वह उल्लेखनीय रूप से मृदुभाषी और सम्मानित व्यक्ति हैं। अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के बावजूद, वह विनम्र और ज़मीन से जुड़े रहे, खासकर उन लोगों के प्रति जिनके साथ उन्होंने काम किया था।''उन्होंने आगे कहा, अपनी कला के प्रति उनका समर्पण वास्तव में सराहनीय है और मैं उनकी इस बात को गहराई से संजोकर रखती हूं। 'मे आई कम इन मैडम' 26 सितंबर से स्टार भारत पर प्रसारित होगा।

## इंजीनियर्स डे पर अक्षय कुमार ने जसवंत गिल को दी श्रद्धांजलि

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिशन रानीगंज' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने इंजीनियर्स डे मनाते हुए भारतीय इतिहास के गुमनाम नायक जसवंत सिंह गिल को श्रद्धांजलि दी है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर गिल का किरदार निभाने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया और गिल की एक तस्वीर साझा की और लिखा, ''हैप्पी इंजीनियर्स डे। मैं कभी सोच भी नहीं सकता था कि मैं इंजीनियर बनने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। उन्होंने आगे कहा, ''लेकिन, फिर मुझे 'मिशन रानीगंज' में जसवंत सिंह गिल जी जैसे बहादुर, बुद्धिमान इंजीनियर की भूमिका निभाने का मौका मिला।

मां बाप की पूरी इच्छा हो गयी।'' पोस्ट के साथ 1961 के युवा जसवंत गिल की वास्तविक जीवन की ब्लैक एंड वाइट इमेज भी थी, जो आईएसएम कॉलेज की थी, जहां उन्होंने माइनिंग इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। बता दें कि 'मिशन रानीगंज' इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के जीवन पर आधारित है।

# फरहान साबिर लाइव की प्रस्तुति से प्रभावित हुयी शिल्पा शेट्टी

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज़ गॉट टैलेंट में फरहान साबिर लाइव की प्रस्तुति से बेहद प्रभावित हो गयी। रियलिटी शो इंडियाज़ गॉट टैलेंट भारत की अनूठी प्रतिभाओं के अनोखे एक्ट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। इस वीकेंड, प्रतिभाशाली कंटेस्टेंट्स न सिर्फ जजों – शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, बादशाह और किरण खेर को इम्प्रेस करेंगे, बल्कि अपने दमदार एक्ट्स से सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर एवं अभिनेत्री कुशा कपिला को भी



प्रभावित कर देंगे।दिल्ली से फरहान साबिर लाइव, जो अपनी बेमिसाल सिंगिंग स्किल्स के लिए जाने जाते हैं, 'पिया हाजी अली' गाने पर एक दिल छू लेने वाली प्रस्तुति देंगे, जो एक यादगार गाना है।

जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भी इस परफॉर्मेंस से बेहद प्रभावित हुईं और उन्होंने कहा, फरहान, जब भी आप गाते हैं, तो आप एक अद्भुत प्रदर्शन करते हैं, और आज, एक समय के बाद, मैंने आपको आंकना बंद कर दिया। मुझे लगा कि आप हमारे लिए नहीं गा रहे थे, बल्कि उससे (भगवान) जुड़े हुए थे। जब आपने अपनी आंखें खोलीं, मैं उस पल तुम्हारे साथ थी। जब आप शब्दों से आगे निकल जाते हैं तो यही सच्चा टैलेंट होता है। आपका टैलेंट मेरे लिए बेहद सम्मान के काबिल है।इंडियाज़ गॉट टैलेंट, इस शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# यशराज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स साथ मिलकर बनाएगी फिल्में

मुंबई/वार्ता

यशराज फिल्म्स (वायआरएफ) और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स साथ मिलकर फ़िल्में और सीरीज़ बनायेगी। यशराज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स की साझेदारी का पहला प्रोजेक्ट 'द रेलवे मेन' है, जो चार हिस्सों की एक सीरीज़ होगी, जिसमें आर. माधवन, के. के. मेनन, दिव्येंदु शर्मा और बाबिल खान जैसे कलाकार शामिल हैं। इस सीरीज़ को नवोदित निर्देशक शिव रवैल ने निर्देशित किया है। वहीं दूसरी फिल्म महाराज होगी। इस फिल्म से जुनैद खान डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म महाराज में जयदीप अहलावत, शर्वरी और शालिनी पांडे जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने किया है।

नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट, कॉन्टेंट, मोनिका शेरगिल ने कहा, हम अपने दर्शकों को ऐसी सीरीज़ और फिल्में दिखाने के लिए उत्सुक हैं, जिनसे वो जुड़ते हैं और पसंद करते हैं। हम आगे ऐसी और पेशकश दिखाना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स ने भारतीय फिल्ममेकिंग में एक नए युग की शुरुआत की थी। वे इस इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित स्टोरीटेलर्स में से एक हैं। फिल्म कभी-कभी से लेकर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे तक, और फिल्म वॉर से लेकर पठान तक, उनकी बेहतरीन कहानियां हमारी जिंदगी का हिस्सा रही हैं और हर दौर में दर्शकों को लुभाती रही हैं। हमें यकीन है कि हम साथ मिलकर बढ़िया फिल्मों और सीरीज़ के साथ सारी दुनिया का अभूतपूर्व रूप से मनोरंजन करते रहेंगे।

यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा, वायआरएफ का मिशन है दुनिया को भारत की मनोरंजक, प्रेरणादायक और बेमिसाल कहानियां दिखाना। नेटफ्लिक्स दुनिया का सबसे बड़ा स्ट्रीमर है, जो हमें 190 से ज्यादा देशों में अपनी कहानियां पेश करने का मौका देता है। कॉन्टेंट को सबसे पहले रखने की उनकी सोच बेमिसाल है और हमारी भावनाओं से बखूबी मेल खाती है। यह साझेदारी वायआरएफ को एक स्टोरीटेलर के रूप में नए दर्शकों के सामने स्थापित करेगी, जहां दर्शकों को भी अपनी भाषाओं में भारतीय कहानियां देखने का मौका मिलेगा।

भारत युवाओं का महत्वाकांक्षी देश है और हमारे पास दुनिया को बताने के लिए 1.4 अरब कहानियां हैं। हम दुनिया भर के दर्शकों को अपना कॉन्टेंट दिखाने के साथ-साथ अपने देश की शानदार प्रतिभाओं को एक मंच देना चाहते हैं।



# फिल्म 'बूहे-बारियाँ' सिनेमाघरों में रिलीज

चंडीगढ़/वार्ता

महिलाओं की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाती पंजाबी फिल्म 'बूहे बारियां' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। महिला सशक्तीकरण के एक अभूतपूर्व उत्सव में आज फिल्म कलाकार निर्मल ऋषि, नीरू बाजवा, रूबीना बाजवा, रूपिंदर रूपी, धरमिंदर कौर, गुरप्रीत भंगू, जसविंदर बराड़, बलजिंदर कौर, सिमरन चहल, अनीता मीत, सीमा कौशल, 200 समर्पित महिला पुलिस अधिकारी महिला सशक्तीकरण अभियान के लिए एकजुट हुईं। यह भव्य कार्यक्रम चंडीगढ़ की सुखना झील से शुरू हुआ और डीएलएफ सिटी सेंटर मॉल, आईटी पार्क में समाप्त हुआ। सशक्तीकरण रैली के बाद पंजाबी फिल्म 'बूहे-बारियाँ' का भव्य प्रीमियर हुआ, जो महिलाओं की ताकत, दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। सितारों से सजे इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों की महिलाओं को प्रेरित करना और उनका उत्थान करना था। महिला सशक्तीकरण का जश्न मनाने और उसे बढ़ावा देने की सामूहिक दृष्टि से आयोजित यह कार्यक्रम बाधाओं को तोड़ने और महानता हासिल करने में महिलाओं की एकता और भावना को प्रदर्शित करता है। बूहे-बारियाँ एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति होने का वादा करती है जो महिलाओं की अदम्य भावना को प्रदर्शित करती है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां के महालक्ष्मी ले-आउट के चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म. सा., साध्वीश्री गोयमरत्नाश्रीजी म. सा., एवं साध्वीश्री परमप्रज्ञाश्रीजी म. सा. की निश्रा में शुक्रवार को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के चौथे दिन हुलासीदेवी नेमीचन्द, जिनेन्द्रकुमार बंदामूथा परिवार द्वारा साध्वीवृंद को कल्पसूत्र ग्रंथ बोहराये गए।



# खुद की गलती को स्वीकारें एवं मैत्रीभाव को मन में संजोएं : डॉ. प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां अक्कीपेट के श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में शुक्रवार को कहा कि मनुष्य अनादि काल से चौकीदारी करने का काम करते आ रहा है। दूसरों की गलतियां देखने में मनुष्य बड़ा होशियार होता है किंतु स्वयं की गलती उसे दिखाई नहीं देती। कर्म का गुणाकार होने के पहले ही सावधान हो जावे। अगर गलती दूसरे की है तो क्षमाशील बने और अपनी गलती है तो उसे स्वीकार कर ले। 'जिनवाणी' एकाग्रता से श्रवण करने के पश्चात उस अनुसार हमारा व्यवहार होना चाहिए। अन्य लोगों के प्रति आँखों में प्रेमभाव हो, अच्छे बोल हो और हृदयस्थ मैत्रीभाव हो। इससे हमारे लिए मोक्ष प्राप्ति का मार्ग अनायस प्राप्त होता जाएगा। आँखों में प्रेम होगा तो जग सुंदर दिखेगा और बोल अच्छे होंगे तो दूसरो का हमारे प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक होगा।

उन्होंने कहा कि हम क्या कर रहे है, इसका जरूर विचार करें। हमारी सही कार्यपद्धति के संदर्भ मे किसी की नाराजगी हो तो डरने की जरुरत नहीं। 'जहर' हाथ में होने से कुछ नहीं होता किंतु ग्रहण करने से तकलीफ होती है। उसी प्रकार कोई हमारी निंदा करे, चुगली करें तो उसे जबाब देने मे समय व्यर्थ ना गवाएं। यशस्वी लोग कभी भी जबाब या प्रतिक्रिया नहीं देते है। उन्हें केवल पाप-कर्म का डर रहता है। बाकी वे किसी की भी परवाह नहीं करते। धार्मिक कार्य शुरु रखते हुए हमारा अहं कम करते जाएं। साध्वीश्री ने कहा कि दूसरों से अच्छे विचार ग्रहण करे और बुरे विचारों को छोड़ दे। हम भी दूसरो को गलत विचार न देते हुए क्या अच्छा दे सकते है वो जरूर दे। माता-पिता अपने बच्चों को क्या संस्कार दे रहे है इसका चिंतन जरूर हो? माता-पिता से दिये जानेवाला जन्मदान, जीवनदान, संस्कारदान महत्वपूर्ण है। माता-पिता जन्मदान देते है किंतु संस्कारदान नहीं देते है। यह बड़ा चिंतनीय विषय है। आज माता-पिता को बच्चे की पढ़ाई की चिंता है, टिफिन की चिंता है, कोचिंग की चिंता है, यूनिफॉर्म की चिंता है किंतु संस्कारों की कोई चिंता नहीं बच्चा कितनी देर मोबाइल चला रहा है, किसके साथ बातें कर रहा है, किसके साथ रह रहा है। इस पर जितनी नजर रखनी चाहिए उतनी नहीं रखी जाती है। यही वजह है कि आज वृद्धाश्रमों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्री जी ने अन्तकृतदशांग सूत्र का वांचन किया एवं बहुत ही सुंदर शब्दों में उनके भाव समझाए। साध्वी प्रियांगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# 'जैन जगत में कल्पसूत्र ग्रंथ का अपना एक प्रमुख स्थान है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के महालक्ष्मी ले-आउट के चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म. सा., साध्वीश्री गोयमरत्नाश्रीजी म. सा., एवं साध्वीश्री परमप्रज्ञाश्रीजी म. सा. की निश्रा में शुक्रवार को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के चौथे दिन हुलासीदेवी नेमीचन्द, जिनेन्द्रकुमार बंदामूथा परिवार द्वारा साध्वीवृंद को कल्पसूत्र ग्रंथ बोहराये गए। साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म. सा. ने कल्पसूत्र महाग्रंथ का वाचन करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कल्पसूत्र आगमग्रंथों में सर्वाधिक उपकारी ग्रंथ है।

पूर्वधर श्रुत के वली आर्यवर श्रीभद्रबाहु स्वामीजी द्वारा कल्पसूत्र की रचना करने से जैन समाज का इतिहास अमर हो गया है। इसका श्रवण करके श्रावक भवसागर से पार हो जाते हैं। पूर्व में कल्पसूत्र का वाचन व श्रवण



केवल साधु-साध्वी मंडल द्वारा ही किया जाता था लेकिन वर्तमान समय में कल्पसूत्र का वाचन ग्रहस्थ श्रावकों के मध्य किया जाता है, क्योंकि इस पवित्र ग्रंथ के श्रवण मात्र से ही प्राणियों के दुःख,पाप और संताप का क्षय होता है। रामायण, गीता ग्रंथों का जिस तरह अपने अपने धर्मो में महत्व है वैसे ही जैन जगत में कल्पसूत्र का अपना एक प्रमुख स्थान है। कल्पसूत्र का अर्थ है आचार सूत्र, कल्पसूत्र में उल्लेखित है। साधु जीवन की आचार पद्धति का आलौकिक बयान, जिसे सुनकर जीवन धन्य बन जाता है।

कल्पसूत्र को ध्यान से सुनने से आठ भवों में मोक्ष मिलता है। ग्रंथ के संबंध में कहा कि चातुर्मास में एक जगह रहना स्थिरता का प्रतीक है। जैन दर्शन में कल्पसूत्र ग्रंथ के वाचन की सुव्यवस्थित विधि है। इसका वाचन एवं श्रवण करने वाले जीवात्मा निश्चय ही आठवें भव तक मोक्ष सुख को प्राप्त होते हैं। इस महान पवित्र ग्रंथ में तीर्थंकर जीवन दर्शन, गणधर परंपरा। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक साधुओं के प्रायश्चित कर्म में जड़ का वर्णन है। चातुर्मास काल में किन परिस्थितियों में साधु स्थान का परित्याग कर अन्यत्र जा सकता है। उन स्थितियों का वर्णन कर साधु को स्थान परिवर्तन के अपवाद मार्ग बताए हैं। भगवान महावीर के छठे पट्धर चौदह पूर्वधर भद्रबाहु स्वामी युग प्रधान हुए।

उन्होंने इस ग्रंथ की रचना प्रत्याख्यान प्रवाद नामा पूर्व से दशाश्रुतस्कंध सूत्र के आठवें अध्ययन के रूप में की। साध्वीश्री ने कहा कि कल्पसूत्र को जो मनुष्य सर्व अक्षरश ध्यान से सुनता है। वह जीव आठ भवों में मोक्ष को जाता है। जयंतीलाल श्रीश्रीमाल ने बताया कि प्रवचन में महावीर स्वामीजी के पारणाजी घर पर लेकर जाने का आदेश प्यारेलाल भरतकुमार मुकेशकुमार भैरवकुमार महावीरकुमार कुलवीरकुमार मंथनकुमार सींगेरिया परिवार को दिया गया। प्रवचन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्तिथि रही।

# कल्पसूत्र कल्पवृक्ष के समान मोक्षलक्ष्मी तक पहुंचाने वाला है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां मागड़ी रोड के के सुमतिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्री, साध्वीश्री प्रियश्रेयांजनाश्रीजी, साध्वीश्री प्रियमंत्रान्जनाश्रीजी की निश्रा में पर्वाधिराज पर्युषर महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को साध्वीश्री प्रीतिसुधाजी म. सा. ने कल्पसूत्र का वाचन करते हुए मेघ कुमार का दृष्टांत बताया। उन्होंने कहा कि प्रभु महावीर मेघ कुमार के धर्म सारथी बने थे। प्रभु महावीर की शक्रस्तव में धम्म सारहीणम् विशेषण से स्तुति की गई है। साध्वीश्री प्रियश्रेयान्जनाश्रीजी ने कहा कि कल्पसूत्र कल्पवृक्ष के समान मोक्ष लक्ष्मी तक पहुंचाने वाला है। त्रिशला मां को आए हुए सपने का वर्णन करते हुए गुरुवर्याश्रीजी ने कहा की



शास्त्र में 72 प्रकार के स्वप्न बताए गए हैं। उन में से 42 स्वप्न सामान्य फल देने वाले और 30 स्वप्न उत्तम फल देने वाले हैं।

प्रभु महावीर की माता त्रिशला देवी ने 14 उत्तम फल देने वाले महा स्वप्न देखें। हाथी, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी, फूल माला, चंद्रमा, सूरज, ध्वजा, पूर्ण कलश, पद्मसरोवर, क्षीर समुद्र, देव विमान, रत्न राशि, अग्नि शिखा। माता को आए हुए 14 सपनों के फल का विस्तार से वर्णन किया गया। साध्वीश्री ने बताया की प्रभु महावीर ने माता को कष्ट न हो, वैसा हम सब पर मातृ की भक्ति कर श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करें।



# 'वाणी से बाण नहीं, वीणा बनाएं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां विजयनगर स्थित अर्हम भवन में आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री दीप कुमारजी के सान्निध्य में जैन धर्म के मुख्य पर्व पर्वाधिराज पर्युषण के चतुर्थ दिन वाणी संयम दिवस के रूप में विजयनगर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित हुआ। प्रवचन में जन-सैलाब उमड़ पड़ा। मुनिश्री दीप कुमारजी ने कहा कि अपनी वाणी को सुधारिए और ऐसे बोलिए कि दिलों में वह सावन की बयार या वीणा की झंकार का आनंद दे जाएं। वाणी को बाण नहीं, वीणा बनाएं। ऐसे शब्द न बोले कि वह किसी को चुभें ऐसी भाषा बोले वह उसके मन को मधुर लगे। भाषा का विकास मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बोलने का अलग-अलग सामर्थ्य होता है, महत्व सिर्फ इस बात का है कि क्या बोला जा रहा है निरर्थक बोलना अपनी ऊर्जा को नष्ट करना है। प्रयोजनवश बोलना, कभी-कभी मौन से भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। आचार्यश्री महाश्रमणजी कहते हैं-'अनावश्यक न बोलना सबसे बड़ा मौन हैं।

मुनिश्री ने वाणी-संयम पर विस्तार से चर्चा करते हुए चार सूत्रों को अपनाने की बात कही। मितभाषी बने यानि बोलें तो कम बोलें, जितना बोलना जरूरी उतना ही बोले, मधुरभाषी बनें, मधुर-मीठा बोलें । आज शरीर में तो शुगर बढ़ रही है पर जुबान में मिठास घट रही है। व्यक्ति इष्ट, मिष्ट, शिष्ट भाषा का प्रयोग करें तो वह विशिष्ट बन जाएगा।

मुनि श्री काव्यकुमारजी ने कहा कि, निरर्थक मुखरता आदमी को छोटा बनाती है और मौन आदमी को उन्नति की दिशा में ले जाने वाला होता है। हार को ऊँचा स्थान मिलता है वह गले में शोभित होता है और नुपुर को पैरों में स्थान मिलता है, क्योंकि नुपुर मुखर होता है। उसे नीचा स्थान मिलता है। वाणी संयम करने वाला ऊँचा उठता है और ज्यादा बोलने वाला नीचे रहता है। कार्यक्रम का प्रारंभ तेरापंथ युवक परिषद राजाराजेश्वरी नगर एवं तेरापंथ महिला मंडल के मंगलाचरण से हुआ। सूचनाएं तेरापंथ युवक परिषद मंत्री कमलेश चोपड़ा एवं तेरापंथ महिला मंडल से ललिता डागा ने दी।



# 'पर्युषण का गौरव है कल्पसूत्र का पठन, श्रवण'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। यहां श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरी ने कल्पसूत्र की महिमा बताते हुए कहा कि मरूधर में कल्पवृक्ष, आचार्य और आश्वासन की बात है। महाविदेह क्षेत्र में सीमन्धर जैसे तीर्थंकर, केवल-ज्ञानी, पूर्वधर महापुरूषों से हरा भरा है। भरत क्षेत्र में पांचवा आरा चल रहा है तीर्थकर, केवली चौदपूर्वघर का अभाव है मानो कि यह मरुभूमि है, रेगिस्तान है। फिर भी हमारे लिए आश्चर्य और आश्वासन की बात यह है कि यहाँ भी कल्पवृक्ष है। जितने मंदिर है जितने जिनगम है सभी कल्पवृक्ष है? ज्ञानी, ध्यानी, तपस्वी साधु साध्वी भी आग से जले श्रावक श्राविका के लिए शीतलतादायक कल्पवृक्ष समान ही है। भरत क्षेत्र के मुख्य तीन कल्पवृक्ष है। शत्रुंजय व महातीर्थ, श्री नमस्कार महामंत्र और श्री पर्युषण महापर्व । अनगिनत भव्य जीवों ने इन तीनों के सहारे आत्मकल्याण का मार्ग पा लिया है। श्री शत्रुंजय की शोभा तीर्थपति ऋषभदेव भगवान से है। श्रीनमस्कार महामंत्र के प्राण हैं पंच परमेष्ठि तो श्रीपर्युषण पर्व का गौरव है कल्पसूत्र का पठन श्रवण। किसी ईसाई से पूछा जाय कि कि आपका प्रमुख श्रेष्ठ ग्रन्थ कौनसा है तो जवाब होगा बाइबिल। हिंन्दू को पूछा जाय तो जवाब होगा गीता। मुसलमान को पूछा जाए तो जवाब आएगा कुरान, बौद्ध को पूछा जाए तो जवाब होगा। धम्मपद और सिख से पूछा जाए तो जवाब होगा गुरुग्रंथ साहिब। जैन धर्म का पवित्र ग्रंथ है कल्पसूत्र। सैंकड़ों ग्रंथ हैं पृथ्वी पर जो कि ऑर्ट ऑफ लिविंग की कला सीखाते हैं।

लेकिन यह कल्पसूत्र जैनों का पावन ग्रंथ ऑर्ट ऑफ लिविंग के साथ लर्निंग भी सिखाता है। यह ग्रंथ मैत्री, प्रेम, दया, करुणा सिखाता है। आध्यात्म जगत का प्रारंभ प्रेस से होता है। अध्यात्म जगत की पराकाष्ठा प्रेम से है और अध्यात्म जगत की परिपूर्णता प्रेम से होती है। इसलिए कहा जाता है कि 'पोथी पढ पढ जग मुहा, पंडित भयो न कोय, ढाई आखर प्रेम के पढ़े सो पंडित होय।'

# राजाजीनगर सभा क्षेत्र की अखण्ड जप में सहभागिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री हिमांशु कुमारजी के सान्निध्य में पर्यूषण महापर्व के अवसर पर अखण्ड जप तेरापंथ सभा भवन, गांधीनगर में गतिमान है।

इस शुभ अवसर पर राजाजीनगर श्रावक समाज एवं तेयुप राजाजीनगर को गुरुवार को रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक को जप का क्रम समायोजित हुआ। इस अवसर पर राजाजीनगर तेरापंथ सभा ट्रस्ट से पदाधिकारीगण, तेयुप संस्थापक अध्यक्ष सुनील बाफना, चंद्रेश मांडोत, मनोज मेहता, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद गन्ना, तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना, प्रबंध मंडल, कार्यसमिति सदस्य, एवं राजाजीनगर क्षेत्र के श्रावक समाज ने सामायिक और नमस्कार महामंत्र का जप किया। जप के संयोजक सचिन हिंगड़ एवं रवि चौधरी का विशेष सहयोग रहा।



# कल्पसूत्र के श्रवण मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां मामुलपेट के सिंमधरस्वामी राजेन्द्र सूरी ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने पर्वाधिराज श्री पर्युषण पर्व का चौथे दिन शुक्रवार को कहा कि अनादि काल से जिनेश्वर भगवंतों के शासन में अपने भरतक्षेत्र में श्री पर्युषण पर्व को शाश्वत रूप से मनाते हैं। अष्टाह्निका पर्व का चौथा दिन भारतभर के श्रीसंघों मे गुरुओं द्वारा सुबह से श्री कल्पसूत्र का श्रवण शुरू होगा। कल्पसूत्र 45 आगम ग्रंथों में महान ग्रंथ है यह ग्रंथ की वांचना आज से चार दिन तक सुबह-शाम गुरूभगवंत के मुख से सुनने वालों को परम सौभाग्य मिलता है।

वह आत्मा धन्य है आज के प्रवचन में भगवान महावीर का वर्णन आयेगा। और दूसरे प्रवचन मे 10 आश्चर्य, भगवान महावीर के 27 भव, 4 महा स्वप्न की बात विस्तृत तरीके से आती है।

नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का पालना का लाभ लालचंद समरथमल फोलामुथा सायला ने लिया है। शनिवार को दोपहर में राजेंद्र भवन किलारी रोड में महावीर जन्म वांचन, चौदह स्वप्न दर्शन,पालना झुलाने का आयोजन किया गया है। मेघराज भंसाली, धीरज भंडारी, मांगीलाल वेदमुथा, नेमीचंद वेदमुथा, कांतिलाल सोफाडिया, घेवरचंद सालेचा, बाबुलाल सवाणी, गुलाबचंद वाणीगोता, सुरेश वाणीगोता, दिलीप कांकरिया, जयंतीलाल पटियात, हेमराज मोदी, प्रवीण वाणीगोता, गुलाबचंद मोदी, जयंतीलाल नाहर आदि उपस्थित रहे। मेघराज भंसाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 'अपने अपने माता पिता की खूब सेवा करें'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ राजाजीनगर में चातुर्मास विराजमान पंन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी म.सा., मुनिश्रीभाग्यचन्द्र विजयजी म.सा. बालमुनिश्री भक्तिदर्शनविजयजी म.सा. ने कहा कि धन्य है रत्नकुक्षि माता त्रिशला। आज पर्युषण महापर्व के पाँचवें दिन कल्पसूत्र (आगम) के व्याख्यान में कहा कि दिशाएँ तो चार है। मगर सूर्य उदित करने का सौभाग्य तो (सूर्य की जननी ऐसी) पूर्व दिशा को ही मिला है। वैसे ही माताएँ तो बहुत हैं किन्तु तीर्थंकर को जन्म देने का सौभाग्य त्रिशला जैसी माता को ही प्राप्त होता है। सारी पृथ्वी को सुनहरा प्रकाश सूर्य ही देता है। वैसे जिनका अवतरण ही संसार के कल्याण के लिए हुआ है। सूर्य मानव के समस्त शुभ और अशुभ कर्मों के साक्षी हैं। उससे मनुष्य का कोई भी व्यवहार या कार्य छिपा नहीं रह सकता, वह तो विश्व चक्षु जैसा है। वैसे ही तीर्थंकर महावीर के ज्ञान प्रकाश में अपने मनोभाव भी छिपे हुए नहीं होते हैं। सूर्य प्रकाश लेकर आता है तो महावीर प्रभु सत्य, प्रेम, करुणा लेकर आए हैं।



महावीर प्रभु इस धरा पर जब माँ के गर्भ में आये तब माता त्रिशला ने विशेष स्वप्न देखे। वे स्वप्न इस जन सामान्य से हटकर थे, क्योंकि वे स्वप्न माँ को जगतपूज्य पुत्र को जनने का पुण्य प्रताप देनेवाले थे। माँ के द्वारा देखे गए उन चौदह स्वप्नों का फल यह था कि चौदह राजलोकात्मक लोक के अग्रभाग पर रहनेवाली वह आत्मा होगी। प्रभु स्वयं संबुद्ध थे। गर्भ में रहते हुए भी उन्होंने संसार सुख में छिपे विषाद को जाना, मोहक विलास उन्हें लुभा नहीं सके। भाई, पत्नी तथा पुत्री के मोहजाल को भेदकर उन्होंने बाद में सर्वत्याग के मार्ग पर चरणन्यास किये थे। भगवानश्री महावीर माँ के गर्भ में रहते हुए इस प्रकार अभिग्रह करते हैं कि अभी तो मेरा जन्म नहीं हुआ है तब भी मुझ पर इतना अधिक स्नेह रख रही है, तब फिर जब मेरा जन्म होगा तब तो न जाने कितना और कैसा स्नेह होगा। यह सोचकर गर्भतया स्थित महावीर भगवान ने यह अभिग्रह किया कि जब तक माता-पिता जिन्दा रहेंगे, तब-तक मैं दीक्षा ग्रहण नहीं करूँगा। जब तीर्थंकर जैसे लोकोत्तर पुरुष ने भी माता-पिता की भक्ति के लिए ऐसा अभिग्रह किया है, तो हमें भी इनके उस मूक उपदेश को ग्रहण कर अपने माता-पिता पर प्रेम रखते हुए पूरी जिन्दगी उनकी भक्ति सेवा-चाकरी करनी चाहिए। महावीर प्रभु जैसी दिव्यात्मा के गर्भ में आने से माता त्रिशला को कई शुभ दोहले हुए थे जिसे पूरे किये गए थे। ऐसे महापुरुष को जन्म देने वाली हर माँ वन्दनीय हैं।

# केरल कैबिनेट में फेरबदल की चर्चाओं के बीच एनसीपी में खलबली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल में संभावित कैबिनेट फेरबदल की खबरों के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में परेशानी शुरू हो गई है। विधायक थॉमस के. थॉमस पार्टी के ही ए.के. ससींद्रन को हटाकर राज्य के वन मंत्री के पद की मांग कर रहे हैं। केरल में एनसीपी के दो विधायक ससींद्रन और पहली बार विधायक बने थॉमस हैं। सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के संयोजक ई.पी.जयराजन के अनुसार, प्रस्तावित फेरबदल की संभावना दिख रही है। जब 2021 में दूसरी पिनाराई विजयन सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब एक समझौता हुआ था कि मोर्चे के चार सहयोगियों, जिनके पास सिर्फ एक विधायक है, उन्हें ढाई-ढाई साल के लिए मंत्रिमंडल में शामिल किया जायेगा। थॉमस ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि उनकी पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार और अन्य लोग इस बात पर सहमत हुए हैं कि ससींद्रन और वह सहमत अवधि के लिए मंत्री पद साझा करेंगे। थॉमस ने जोर देकर कहा, इसलिए, जब 2021 के समझौते के अनुसार नवंबर में फेरबदल होगा, तो ससींद्रन को मेरे लिए हटना होगा। संयोग से, एनसीपी की राज्य इकाई एक तरफ ससींद्रन और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पी.सी. चाको (जिन्होंने 2019 में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी) और दूसरी तरफ थॉमस के बीच विभाजित है।

हाल ही में, थॉमस को पार्टी के मुद्दों को सार्वजनिक मंच पर उठाने के लिए पवार ने चेतावनी दी थी। अलाप्पुझा में कुट्टनाड विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले थॉमस, व्यवसायी से विधायक बने पूर्व राज्य मंत्री थॉमस चांडी के भाई हैं, जो तीन बार जीते थे और 2019 में विधायक रहते हुए उनका निधन हो गया।

# चीन के आर्थिक आंकड़ों से मिले मंदी कम होने के संकेत

बीजिंग। चीन के कारखानों ने गति पकड़ ली है और अगस्त में खुदरा बिक्री में भी तेजी आई है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में संकेत मिले हैं कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे वैश्विक महामारी के बाद की स्थिति से उबर सकती है। हालांकि, रेस्तरां तथा दुकानों में व्यस्त गतिविधि के बावजूद आंकड़ों में सभी महत्वपूर्ण संपत्ति क्षेत्र में लगातार कमजोरी दिखी।

रियल एस्टेट निवेश में अगस्त में सालाना आधार 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई। साल की शुरुआत से ही गिरावट लगातार बढ़ती जा रही है। बैंकों पर बोझ कम करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना या केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि अधिकतर उधारदाताओं के लिए आरक्षित आवश्यकता में शुक्रवार तक 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जाएगी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, आर्थिक सुधार की नींव को मजबूत करने और उचित तथा पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए इससे उधार देने के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा।

## जयंती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राजाजीनगर में शुक्रवार को अभियंता दिवस के मौके पर भारतरत्न सर एम विश्वेश्वरैया की जयंती सर एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गौसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र मुणोत। इस मौके पर मेडीस्कोप रुधिर संस्थान के सहयोग से रक्तदान का शिविर लगाया गया। मुणोत ने सभी युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com